


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 132 | बुधवार, 24 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया




## संक्षिप्त समाचार

### स्टार्मर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि अगला प्रधानमंत्री चुने जाने तक वह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। लेबर पार्टी के भीतर बढ़ते दबाव के कारण पहले ही उनके इस्तीफे के कयास लगाए जा रहे थे। माना जा रहा है कि अब अगले प्रधानमंत्री के तौर पर लेबर पार्टी के एंडी बर्नहम कमान संभालेंगे।

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी के भाई पर हमला

**पटना।** चर्चित अभिनेता पंकज त्रिपाठी के भाई बिजेंद्र नाथ तिवारी पर रविवार रात जानलेवा हमला हो गया। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश की वजह से गोपालगंज में उनपर हमला हुआ है। वे अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान आरोपी राजेश साह ने अचानक हमला कर दिया।

### भारत में तख्तापलट की पीएफआई की साजिश

**भोपाल।** भोपाल में एटीएस की जांच में पकड़े गए कथित आतंकी मॉड्यूल को लेकर पूछताछ में कई अहम खुलासे सामने आ रहे हैं। पुलिस रिमांड में इजहार उल हक ने एजेंसी को बताया कि वह और पाकिस्तानी टेरर ग्रुप से जुड़े अन्य लोग 'मिशन 2047' के लिए काम कर रहे थे। इसका मकसद भारत में तख्ता पलट कर पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के एजेंडे को साल 2047 तक देश में लागू करना है। पूछताछ में इजहार ने बताया कि देशभर में तैयार हो रहे उनके कथित मुजाहिद्दीन समय आने पर एक साथ बाहर आएंगे और शासन को उखाड़ फेंकेंगे। यह भरोसा उन्हें पाकिस्तानी हैंडलर्स ने दिलाया था। उन्हें शपथ दिलाई गई थी कि समय आने पर उन्हें टारगेट किलिंग और देश में डर का माहौल पैदा करने जैसे काम करने होंगे। रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को इजहार को एटीएस ने कोर्ट में पेश किया। इससे पहले उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया।

### ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में छह की मौत, 20 घायल

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां यूरिया से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक और मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टेमनी खुर्द के पास सुबह करीब 10 बजे हुए इस हादसे में 4 महिलाओं और 2 पुरुषों समेत कुल 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे। मृतक मजदूर के परिजनों के अनुसार, सभी मृतक और घायल मछैरा गांव के रहने वाले थे। सुबह करीब 9 बजे 20 से 25 मजदूर सब्जी तोड़ने के लिए कन्हरगांव जाने के लिए पिकअप वाहन में सवार हुए थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे यूरिया से भरे ट्रक ने वाहन को जोरदार टक्कर मार दी।

# 'नागरिक देवो भवः' को बनाएं शासन का मूल मंत्रः पीएम मोदी

## 183 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से संवाद विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नवाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 बैच के 183 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से नई दिल्ली में संवाद किया
- नागरिक देवो भवः का मंत्र देते हुए नागरिकों को शासन के केंद्र में रखने का आह्वान किया
- विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत, विनिर्माण विकास और युवा सशक्तिकरण को प्रशासन की प्राथमिकता बताया



### विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ता देश

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विकसित भारत-2047 के विजन का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे देश का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो दशकों में लिए जाने वाले प्रत्येक प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय का सीधा संबंध इस लक्ष्य से होगा। इसलिए अधिकारियों को अपने कार्यों को दीर्घकालिक राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप ढालना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि ऐसा भारत है जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, आधुनिक अवसंरचना, रोजगार के अवसर और सामाजिक न्याय सभी नागरिकों तक पहुंचे।

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2024 बैच के 183 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत इन युवा अधिकारियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने 'नागरिक देवो भवः' का संदेश देते हुए कहा कि शासन और प्रशासन का प्रत्येक निर्णय नागरिकों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर लिया जाना चाहिए। नई दिल्ली में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों को भारत के भविष्य का नेतृत्व करने वाली पीढ़ी बताते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी काफी हद तक उनके कंधों पर होगी। उन्होंने अधिकारियों को जनसेवा, नवाचार और सुशासन की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रशासन का वास्तविक उद्देश्य जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी अधिकारी की सफलता केवल पद या अधिकार से नहीं, बल्कि उसके कार्यों के प्रभाव और नागरिकों के जीवन में आए परिवर्तन से मापी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को केवल सरकारी कार्य के रूप में न देखें, बल्कि इसे राष्ट्र सेवा का अवसर समझें। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि प्रशासनिक निर्णयों का केंद्र नागरिक होंगे, तो नीतियां अधिक प्रभावी और परिणामदायी बनेंगी। मोदी ने कहा कि शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशासनिक कार्यों में होल-ऑफ-गवर्नमेंट एप्रोच अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की जटिल विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान केवल एक विभाग या मंत्रालय के स्तर पर संभव नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल होना चाहिए। यदि सरकारी संस्थाएं एक साझा लक्ष्य के साथ मिलकर काम करेंगी, तो विकास योजनाओं का प्रभाव कई गुना बढ़ जाएगा।

### आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पर विशेष जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं में आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना शामिल है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे इन राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रशासनिक तंत्र की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## 13 राज्यों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट, पूर्वी यूपी और विदर्भ में हीटवेव का खतरा बरकरार



**नई दिल्ली**

देशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। एक ओर जहां कई राज्यों में मानसून सक्रिय होकर भारी बारिश का कारण बन रहा है, वहीं दूसरी ओर उत्तर और मध्य भारत के कुछ हिस्से अब भी भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों के लिए जारी अपने ताजा पूर्वानुमान में 13 राज्यों में भारी बारिश और कुछ इलाकों में हीटवेव की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार देश इस समय चरम मौसमीय परिस्थितियों का सामना कर रहा है। पूर्वी, पूर्वोत्तर और तटीय राज्यों में मानसून की गतिविधियां तेज हो रही हैं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। आईएमडी के अनुसार महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा और असम सहित कई राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की जा सकती है। इन क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। विशेष रूप से महाराष्ट्र के तटीय और मध्य क्षेत्रों में मानसून की गतिविधियां तेज बनी हुई हैं। कई जिलों में लगातार वर्षा के कारण नदियों और जलाशयों का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। प्रशासन को सतर्क रहने और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बिहार में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। राज्य के कई जिलों में तेज बारिश के चलते निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कृषि क्षेत्र के लिए यह बारिश लाभदायक मानी जा रही है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में यातायात और जनजीवन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग ने पूर्वी तटीय क्षेत्रों के लिए भी विशेष चेतावनी जारी की है। ओडिशा और आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

### पूर्वोत्तर भारत में मानसून का जोर

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और सक्रिय मानसूनी धाराओं के कारण इन क्षेत्रों में बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार हो रही बारिश से पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा भी बढ़ सकता है। कई संवेदनशील इलाकों में प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्थानीय लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की सलाह दी गई है।

# तमिलनाडु की राजनीति में बढ़ा सियासी तापमान, उदयनिधि स्टालिन के बयान पर छिड़ा विवाद

- मुख्यमंत्री विजय पर परोक्ष टिप्पणी से गरमाई राजनीति
- टीवीके ने डीएमके पर व्यक्तिगत हमले का लगाया आरोप



### विजय ने दिया था आलोचकों को जवाब

विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि अधिकांश लोग पहले राजनीतिक दल बनाते हैं और फिर जनता के पास जाते हैं, लेकिन उनकी पार्टी ने पहले जनता के बीच जाकर समर्थन प्राप्त किया और उसके बाद संगठन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने 2026 का विधानसभा चुनाव बिना किसी गठबंधन के लड़ा और जनता ने उन्हें स्पष्ट जनादेश दिया। विजय ने अपने राजनीतिक सफर को जनआंदोलन से निकला हुआ बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी को केवल फिल्मी पृष्ठभूमि के आधार पर आंकना उचित नहीं है।

**चेन्नई/नई दिल्ली**

तमिलनाडु की राजनीति में मंगलवार को उस समय नया विवाद खड़ा हो गया जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय पर परोक्ष टिप्पणी करते हुए ऐसा बयान दिया, जिसे राजनीतिक गलियारों में उनके निजी जीवन से जोड़कर देखा जा रहा है। इस टिप्पणी के बाद सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

हालांकि उदयनिधि स्टालिन ने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि "पूरे तमिलनाडु को उस कहानी के बारे में पता है जिसमें एक पत्नी अपने पति को चेंगलपट्टू अदालत में खोज रही है।" उनके इस बयान को मुख्यमंत्री विजय और उनकी पत्नी संगीता. सोर्नालिंगम के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद के संदर्भ में देखा गया। उदयनिधि स्टालिन ने मुख्यमंत्री विजय के विधानसभा संबोधन की शैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अभिनेता की छवि से बाहर निकलकर राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में व्यवहार करना चाहिए। डीएमके नेता का यह बयान उस समय आया जब विजय ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान अपने फिल्मी करियर और राजनीति में प्रवेश को लेकर हो रही आलोचनाओं का जवाब दिया था। विजय ने कहा था कि कुछ लोग यह कहते हैं कि वह सीधे फिल्म सेट से मुख्यमंत्री बन गए हैं, लेकिन यह केवल एक "रील" है। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने पहले जनता के बीच जाकर समर्थन हासिल किया और उसके बाद राजनीतिक दल का गठन किया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी को केवल अभिनेता की पार्टी बताना जनता के जनादेश का अपमान है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रदान किए पद्म सम्मान

## साहित्य, समाजसेवा, कला और खेल जगत की विभूतियों का हुआ सम्मान

- राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वालों को मिला देश का सर्वोच्च नागरिक गौरव
- पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और गायिका अलका याज्ञनिक को पद्म भूषण प्रदान किया गया



**नई दिल्ली**

देश की सर्वोच्च नागरिक सम्मान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे सिविल इन्वेस्टिचर समारोह में वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह में कला, साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों से नवाजा गया।

राष्ट्रपति भवन का दरबार हॉल इस अवसर पर गौरव, सम्मान और प्रेरणा का केंद्र बन गया, जहां देशभर से आईं विशिष्ट हस्तियों ने पुरस्कार प्राप्त किए। यह समारोह उन व्यक्तित्वों को सम्मानित करने का अवसर बना जिन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार पी. नारायणन को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता और जनजागरण के क्षेत्र में उनके लंबे और प्रभावशाली योगदान को देखते हुए उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। पी. नारायणन ने दशकों तक समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और पत्रकारिता को जनहित के साथ जोड़ने का कार्य किया। उनके लेखन और विश्लेषण ने न केवल पाठकों को जागरूक किया बल्कि सार्वजनिक विमर्श को भी दिशा प्रदान की। सम्मान प्राप्त करते समय उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया। पूर्व न्यायाधीश के.टी. थॉमस को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म विभूषण प्रदान किया गया। न्यायपालिका में अपने लंबे अनुभव के बाद भी उन्होंने सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। के.टी. थॉमस ने समाज में न्याय, समानता और मानवाधिकारों की स्थापना के लिए लगातार कार्य किया। उनके प्रयासों ने कई सामाजिक अभियानों और जनकल्याण कार्यक्रमों को नई दिशा दी। सरकार ने उनके इसी योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया।

### रोहित शर्मा की ऐतिहासिक कप्तानी और रिकॉर्डों की बादशाहत



रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने बारबाडोस में आयोजित आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट के सबसे सफल और विस्फोटक बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने 285 वनडे मैचों में 48.83 की शानदार औसत और 92.97 की स्ट्राइक रेट से 11,720 रन बनाए हैं। उनके नाम कई विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं, जिनमें वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 264 रन और तीन दोहरे शतक शामिल हैं। क्रिकेट इतिहास में यह उपलब्धि उन्हें महानतम बल्लेबाजों की श्रेणी में स्थापित करती है।

अपाचे हेलिकाप्टरों और अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों के उपकरणों के प्रस्ताव को मंजूरी

# भारत और अमेरिका के बीच हुई 48 करोड़ डॉलर की डिफेंस डील

**वॉशिंगटन**

अमेरिका ने भारत के अपाचे हेलिकाप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों के लिए रखरखाव सहायता सेवाओं और संबंधित उपकरणों की प्रस्तावित बिक्री को मंजूरी दी है। इसे लेकर औपचारिक तौर पर अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसकी अनुमानित कुल लागत 48.22 करोड़ डॉलर है। अमेरिका के विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) कार्यक्रम का संचालन करने वाली डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी ने 17 जून को फेडरल रजिस्टर में हथियारों की बिक्री की अधिसूचना जारी की। इससे पहले 18 मई को विदेश विभाग ने अमेरिकी संसद को भारत के लिए अपाचे हेलिकाप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों की सेवाओं की संभावित बिक्री के बारे में सूचना दी थी। भारत ने विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में अपनी तोप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एफएमएस कार्यक्रम के तहत अमेरिका से खरीदे गए एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर को सेना में शामिल किया था। भारतीय सेना सटीक मारक क्षमता और युद्ध क्षेत्र में सहायता अभियानों के लिए एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलिकाप्टरों का भी संचालन करती है।



### अमेरिका करेगा भारत की मदद

अधिसूचना के अनुसार, भारत ने होवित्जर तोपों के लिए दीर्घकालिक रखरखाव सहायता के लिए आग्रह किया है। इस मद में गैर-प्रमुख रक्षा उपकरणों में सहायता सामग्री, कलपुर्जे, मरम्मत, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता जैसी वस्तुएं शामिल होंगी। जबकि एक अन्य अधिसूचना में रक्षा विभाग ने बताया कि भारत ने एएच-64ई अपाचे के लिए रखरखाव सहायता सेवाओं, अमेरिकी सरकार व कांट्रैक्टर इंजीनियरिंग, तकनीकी सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण और संबंधित लाजिस्टिक की मांग की है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने परियोजना स्थल का किया दौरा

# भारत-मंगोलिया दोस्ती की नई मिसाल, मंगोल रिफाइनरी परियोजना तेजी से आगे बढ़ी



**उलानबटार (मंगोलिया)**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगोल रिफाइनरी परियोजना के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। भारत और मंगोलिया के बीच खनन, ऊर्जा, तकनीक एवं मानव संसाधन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारतीय और मंगोलियाई श्रमिकों की मेहनत की सराहना करते हुए जयशंकर ने परियोजना को दोनों देशों की मित्रता का प्रतीक बताया। भारत और मंगोलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली बहुप्रतीक्षित मंगोल रिफाइनरी परियोजना लगातार प्रगति कर रही है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार के निकट स्थित परियोजना स्थल का दौरा कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंगोलिया की विदेश मंत्री बतसेत्सेग बटमुंख और उद्योग एवं खनन मंत्री गोंगोर दामदिनन्याम के साथ परियोजना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत-मंगोलिया मित्रता परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में संतोषजनक प्रगति हो रही है। उन्होंने परियोजना को दोनों देशों के मजबूत और भरोसेमंद संबंधों का प्रतीक बताया। दौरे के दौरान विदेश मंत्री ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ विस्तृत बैठक की। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, समय-सीमा और भविष्य की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। डॉ. जयशंकर ने परियोजना के विभिन्न चरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद कार्य संतोषजनक गति से आगे बढ़ रहा है।

### ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

मंगोल रिफाइनरी परियोजना को मंगोलिया की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। भारत के सहयोग से विकसित की जा रही यह परियोजना मंगोलिया को पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, रिफाइनरी के चालू होने के बाद मंगोलिया अपनी घरेलू ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा स्वयं पूरा कर सकेगा। इससे न केवल देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी बल्कि औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। भारत इस परियोजना में तकनीकी सहयोग, वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता उपलब्ध करा रहा है।

# टीएमसी के अध्यक्ष पद से हटाई गईं ममता

**कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर चल रहा सत्ता संघर्ष और गहरा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बागी विधायक नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को 'असली टीएमसी' बताते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस गुट ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी को पद से हटाने और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी को निलंबित करने का एलान किया है। सोमवार को न्यू टाउन स्थित एक होटल में ऋतब्रत गुट की बैठक हुई। इस गुट का दावा है कि इस बैठक में 60 विधायक और कोलकाता नगर निगम के 70 पार्षद शामिल हुए। इस बैठक में हावड़ा मध्य से विधायक अरूप रॉय को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ऋतब्रत बनर्जी गुट का कहना है कि पार्टी में 'संवैधानिक संकट' पैदा हो गया था। उनका दावा है कि टीएमसी के संविधान के अनुसार हर तीन साल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन होना चाहिए। आखिरी बार यह समिति फरवरी 2022 में बनी थी और उसके बाद संगठन का पुनर्गठन नहीं किया गया। ऋतब्रत बनर्जी ने बैठक में कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी संगठनात्मक ढांचे का नवीनीकरण नहीं किया गया, इसलिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करना जरूरी हो गया था।



# लखनऊ अग्निकांड के बाद बरेली में फायर सेफ्टी पर सख्ती, कोचिंग से होटल तक चला जांच अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय







**बरेली।** लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रदेश सरकार के अलर्ट मोड में आते ही बरेली प्रशासन भी हरकत में आ गया है। 23 जून 2026 को मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त और जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम, अग्निशमन विभाग और पुलिस बल ने शहर में संयुक्त सघन जांच अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा मानकों की वास्तविक स्थिति को परखना और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करना रहा। जांच के दौरान कोचिंग सेंटर, मॉल, जिम, लाइब्रेरी और होटल विशेष रूप से निशाने पर रहे। टीम ने सिविल लाइंस और रामपुर गार्डन समेत विभिन्न इलाकों में संचालित मैट्रिक्स जिम, फिजिक्स वाला विद्यापीठ, विशाल मेगामार्ट, आकाश कोचिंग सेंटर, एलए सिटी सेंटर मॉल, महेन्द्रा कोचिंग, डिवाइन क्लासिस, तकशिला कोचिंग, विनटैक लाइब्रेरी, गुरुकुल क्लासिस और अरिहन्त क्लासिस सहित दर्जनों प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। रिहायशी इलाकों और संकरी गलियों में चल रहे संस्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया। रामपुर गार्डन स्थित गुरुकुल क्लासिस में गंभीर खामियां सामने आईं। जांच में पाया गया कि जिस भवन में कोचिंग संचालित हो रही है, वह आवासीय श्रेणी में है और उसका व्यावसायिक नक्शा बीडीए से स्वीकृत नहीं है। इसके अलावा फायर विभाग से एनओसी भी नहीं ली गई थी।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर बीडीए, अग्निशमन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो होटल सील, कई संस्थानों को नोटिस**

आग से निपटने के लिए जरूरी उपकरण और आपातकालीन निकासी व्यवस्था भी अपर्याप्त मिली। संयुक्त टीम ने सात बिंदुओं पर जांच की, जिनमें मानचित्र स्वीकृति, फायर एनओसी, फायर अलार्म, अग्निशमन यंत्र, लिफ्ट मानक और इमरजेंसी एग्जिट शामिल रहे। कई प्रतिष्ठानों में मानकों की अनदेखी पाई गई। पीलीभीत बाईपास रोड पर सैटेलाइट बस स्टैंड के पास स्थित होटल रजनी और होटल सैटेलाइट को सबसे बड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। दोनों होटल बिना आवश्यक स्वीकृतियों के संचालित पाए गए, जिसके चलते उन्हें उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत तत्काल सील कर दिया गया। बीडीए उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और अग्नि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में सुधार न करने वाले संस्थानों पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# एयरफोर्स के पास देर रात आग के गुबार व तेज धमाके से दहशत

## पीके स्वीट हाउस में लगी भीषण आग, सिलिंडर फटने से इलाके में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के नैनीताल रोड स्थित एयरफोर्स गेट के पास बने पीके स्वीट हाउस में सोमवार देर रात लगभग 2 बजे भीषण आग लग गई। रात करीब दो बजे दुकान से उठती आग की ऊंची-ऊंची लपटों और घने धुएं के गुबार ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में दुकान और उससे जुड़े स्टोर को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुकान के अंदर कई एलपीजी सिलिंडर रखे हुए थे। आग फैलने के दौरान एक सिलिंडर तेज धमाके के साथ फट गया। विस्फोट की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास रहने वाले लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों को आशंका थी कि यदि आग और बढ़ी तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कुछ समय के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी और भगदड़ जैसे हालात बन गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए एक के बाद एक कुल छह दमकल गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। अग्निशमन कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद लगातार पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

राहत की बात यह रही कि आग आसपास की अन्य दुकानों और रिहायशी मकानों तक नहीं पहुंची, अन्यथा नुकसान कहीं अधिक बड़ा हो सकता था। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि एयरफोर्स गेट के पास स्थित पीके स्वीट हाउस और उसके स्टोर में आग लगी थी। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। आग में मिठाई बनाने का कच्चा माल, फर्नीचर, मशीनें और अन्य उपकरण पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस भीषण आग में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# मीरगंज के कुख्यात स्मैक तस्कर पिता-पुत्र की 3.20 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र के कुख्यात स्मैक तस्कर पंकज उपाध्याय उर्फ पंकज शर्मा और उसके बेटे रोहित शर्मा उर्फ हनी के खिलाफ बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी से अर्जित करीब 3 करोड़ 20 लाख 15 हजार रुपये की चल-अचल संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। यह संपत्ति वर्षों से किए जा रहे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुटाई गई थी।

एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि जांच में सामने आया है कि पिता–पुत्र ने स्मैक तस्करी से कमाए गए धन से चार वाहन और चार प्लॉट खरीदे थे। इनमें से कई संपत्तियां परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर दर्ज कराई गई थीं, ताकि उन पर शक न हो। पुलिस ने दिल्ली स्थित सक्षम प्राधिकारी की मदद से इन सभी संपत्तियों को फ्रीज कराने की कार्रवाई पूरी कर ली है। वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार इनकी कीमत 3.20 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पंकज उपाध्याय वर्ष 1999 से स्मैक तस्करी के धंधे में सक्रिय रहा है। उसका नेटवर्क बरेली के साथ-साथ दिल्ली और मध्य प्रदेश तक फैला हुआ था। वह अंतरराज्यीय स्तर पर स्मैक की सप्लाई करता रहा और कई बार बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार होकर जेल भी जा चुका है। इसके बावजूद उसने अपराध का रास्ता नहीं छोड़ा।

वर्ष 2021 के बाद पंकज ने अपने बेटे रोहित शर्मा उर्फ हनी को भी इस अवैध कारोबार में शामिल कर लिया। रोहित के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में पंकज उपाध्याय जेल में बंद है, जबकि रोहित फरार चल रहा है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस का संदेश साफ है कि नशे के कारोबार से कमाई गई दौलत अब कानून की पकड़ से नहीं बच पाएगी।

## सार संक्षेप



### भोजीपुरा में मुठभेड़, 20 हजार का इनामी गौकशी आरोपी पैर में गोली लगने से गिरफ्तार

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में मंगलवार तड़के बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपये के इनामी और गौकशी व पुलिस फायरिंग के वांछित अभियुक्त जाहिद उर्फ अंडा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस टीम का एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, 23 जून 2026 को उ0नि0 पवन कुमार, प्रभारी चौकी धौरा टांडा, पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम घुरसमसपुर रोड पर संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरा देख अभियुक्त जाहिद उर्फ अंडा ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिसमें आरक्षी विकास घायल हो गए। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, नाल में फंसा एक खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। अभियुक्त के साथ मौजूद उसका साथी अजीम पुत्र यामीन मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। पूछताछ में जाहिद उर्फ अंडा ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से गौकशी और मादक व अवैध गतिविधियों में संलिप्त है तथा उसके खिलाफ कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड में वह शातिर अपराधी के रूप में दर्ज है। घायल अभियुक्त और घायल सिपाही को उपचार के लिए सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में विधिक कार्रवाई जारी है और फरार आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

### भारत–अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसान एकता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**बरेली।** भारत–अमेरिका द्विपक्षीय ट्रेड डील के विरोध में किसान एकता संघ बरेली ने किसान नेता डॉ. रवि नागर के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा। किसानों ने ट्रेड डील को देश, किसानों और आम जनता के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। डॉ. रवि नागर ने कहा कि अमेरिका के भारी सब्सिडी वाले कृषि उत्पाद यदि भारतीय बाजार में आए तो देश के किसानों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे किसान बर्बादी की ओर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों के साथ–साथ राष्ट्रीय हितों के भी खिलाफ है। सरकार यदि इस पर पुनर्विचार नहीं करती है तो किसान बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। किसान एकता संघ ने पांच सूत्रीय मांगें रखीं, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देना, बिजली बिल 2025 और बीज बिल 2025 को वापस लेना तथा किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी शामिल है। ज्ञापन देने वालों में यज्ञ प्रकाश गंगवार, पंडित राजेश शर्मा, डॉ. महफूज अली, कैप्टन ओंकार सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता और सौतेली मां को पीटा

**पीलीभीत।** थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलगवां में पारिवारिक एवं संपत्ति विवाद के चलते एक युवक ने अपने भाई और एक साथी के साथ मिलकर पिता व सौतेली मां के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस जांच में सामने आया कि संपत्ति के बंटवारे और नामांतरण को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते दयाशंकर के पुत्र अभिषेक और अरुण बाबू ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दो पैन, दो आधार और आयकर चोरी का गंभीर आरोप, कई दिन बाद भी कार्रवाई शून्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** एक सरकारी सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज की शिक्षिका पर दो पैन कार्ड और दो आधार कार्ड बनवाकर आयकर चोरी, फर्जीवाड़ा और शासन को वित्तीय नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित अमित कुमार द्वारा आयकर विभाग को 3 मार्च 2026 को पंजीकृत शिकायत दी गई थी उसके बाद भी कई बार शिकायत की लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अब कार्रवाई न होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़ित का आरोप है कि मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, बरेली में कार्यरत सहायक अध्यापिका वंदना वर्मा ने जानबूझकर जन्मतिथि में हेराफेरी कर दो अलग-अलग पैन कार्ड और आधार कार्ड बनवाए। हाईस्कूल प्रमाण पत्र में जहां उनकी जन्मतिथि 4 अप्रैल 1980 दर्ज है, वहीं कूट रचना कर 23 दिसंबर 1980 जन्मतिथि के आधार पर दूसरा पैन और आधार बनवाया गया। शिकायत के अनुसार, वास्तविक दस्तावेज़ों के आधार पर बने पैन कार्ड संख्या AIHPV8192M में वार्षिक आय मात्र 3,00,001 रुपये दर्शाई गई है, जबकि वास्तविक वेतन लगभग 1,20,000 रुपये प्रतिमाह बताया गया है। वहीं दूसरे कथित फर्जी पैन कार्ड संख्या CGTPV0916P में सालाना आय 10 लाख रुपये दिखाई गई है, जिसका प्रयोग विभिन्न लेनदेन में किया गया। पीड़ित का दावा है कि एक वाहन की खरीद में वास्तविक पैन कार्ड का प्रयोग किया गया, जबकि दूसरी कार की खरीद में फर्जी पैन कार्ड का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा दोनों पैन और आधार कार्ड के सहारे सरकारी बैंकों से बड़े पैमाने पर लोन भी लिए जाने का आरोप लगाया गया है। अमित कुमार का कहना है कि इस पूरे प्रकरण की शिकायत वर्ष 2023 की शुरुआत में भी आयकर विभाग को दी जा चुकी थी और पंजीकृत डाक से समय-समय पर विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक न तो कोई जांच रिपोर्ट सामने आई और न ही कोई विभागीय कार्रवाई।

# बहेड़ी बाईपास पर रोशनी का उजाला

## स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ, रात में सफर होगा सुरक्षित और सुगम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** वर्षों से अंधेरे की समस्या झेल रहे बहेड़ी बाईपास को आखिरकार रोशनी की नई सौगात मिल गई। बाईपास पर स्ट्रीट लाइटों के शुरू होने से अब यह मार्ग रात के समय भी जगमगाता नजर आएगा। इससे न केवल राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था और यातायात संचालन भी पहले से बेहतर होगा। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन राशिम जायसवाल तथा भाजपा नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार की पुत्री श्रुति गंगवार ने संयुक्त रूप से स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ किया। उद्घाटन के साथ ही बाईपास रोशनी से नहा उठा और क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि बाईपास पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होने से रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। इस अवसर पर बिजली विभाग के एक्सईएन चमन प्रकाश, जेई रवि सैनी, एसडीओ सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अजय जायसवाल, ओमप्रकाश गंगवार, तरुण कालरा, प्रवेश गंगवार, लाल सिंह, शशि मिश्रा, प्रमोद अग्रवाल, मुदित गर्ग, प्रतीक धींगरा, जितेंद्र सक्सेना, सूर्य प्रकाश, जेंदर पाल, शांत पाल, धर्मवीर गंगवार, जलीस आजाद, यूनिस, नसीम अहमद, सलीम चंदा, ताहिर पप्पू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।







**लापरवाही** जेसीबी से फटी भूमिगत एक्सएलपीई केबिल, भीषण गर्मी में कई कॉलोनियों के लोग रहे परेशान

# नाला सफाई के दौरान 11 केवी केबिल क्षतिग्रस्त, लालफाटक में सात घंटे बिजली गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मंगलवार को नाला सफाई के दौरान जेसीबी मशीन की लापरवाही से 11 केवी की भूमिगत एक्सएलपीई केबिल क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लालफाटक क्षेत्र में करीब सात घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। भीषण गर्मी के बीच लंबे समय तक बिजली गुल रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लालफाटक क्षेत्र के अवर अभियंता वीरू सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे दूरदर्शन केंद्र के सामने नाला सफाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी मशीन से भूमिगत 11 केवी केबिल फट गई। केबिल क्षतिग्रस्त होते ही आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया गया। स्टोर से नई केबिल मंगवाकर क्षतिग्रस्त केबिल को बदला गया तथा तकनीकी खामी को दूर करने का कार्य किया गया।

केबिल खराब होने के कारण कांधरपुर, प्रकाश कॉलोनी, चनेहटी, उलैहतापुर, रामेश्वर धाम कॉलोनी, सद्भावना कॉलोनी और लक्ष्मी नगर सहित कई इलाकों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। बिजली गुल रहने से लोगों को उमस भरी गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जल आपूर्ति प्रभावित हुई और दैनिक कार्य भी बाधित रहे। कई इलाकों में लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर नाराजगी भी जताई। विद्युत विभाग के अनुसार, शाम करीब 5 बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया गया।

अवर अभियंता वीरू सिंह ने बताया कि जेसीबी चालक को भविष्य में विशेष सावधानी बरतने की सख्त हिदायत दी गई है, ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो और जनता को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

### आला हजरत के उर्स का ऐलान, 7 से 9 अगस्त तक मनाया जाएगा उर्से रजवी

**बरेली।** आला हजरत, इमाम अहमद रजा खान के 108वें उर्से रजवी का ऐलान हो गया है। पश्चिमी यूपी के सबसे बड़े सालाना आयोजनों में से एक, उर्से रजवी इस बार 7, 8 और 9 अगस्त को मनाया जाएगा। दरगाह आला हजरत के प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां), काजी-ए-हिंदुस्तान और दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां) और दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने संयुक्त रूप से उर्से रजवी की तारीखों की घोषणा की है। सुन्नी-बरेलवी मुसलमानों का मरकज (केंद्र) बरेली है। दुनियाभर में आला हजरत के चाहने और मानने वाले हैं। उर्से रजवी के मौके पर हर साल बरेली इसका गवाह बनता है। इस साल भी शानो-शौकत के साथ उर्स मनाया जाएगा। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने दरगाह के बुजुर्गों के हवाले से जारी बयान में कहा कि उर्से रजवी की तारीख घोषित हो गई है। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह इस बार देश-दुनिया से लाखों जायरीन पहुंचेंगे।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### शत्रु सम्पत्ति में नहीं आया गवाह, सुनवाई 30 को

**रामपुर।** मंगलवार को स्पेशल कोर्ट एमपी–एमएलए सेशन और मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां के परिवार से जुड़े जमीन कब्जाने, शत्रु सम्पत्ति में सुनवाई हुई। जिसमें गवाह का नहीं आने के कारण अगली तिथि 30 जून लगाई गई। मजिस्ट्रेट न्यायालय ने शत्रु सम्पत्ति से जुड़े तीन मुकदमों में सुनवाई हुई। मुकदमा 312 में गवाह कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारी के नहीं आने के कारण मामले में सुनवाई 30 जून तक टाल दी गई है। जबकि सेशन कोर्ट ने जमीन से जुड़े तीन मामलों को कलब किए जाने के मामले में रिकॉर्ड नहीं आने की वजह से अगली तिथि 6 जुलाई लगाई गई है।




# अजीमनगर के पेंटर की हुई चेन्नई में मौत, परिवार में मचा कोहराम

## पैर फिसलने से 12 मंजिल इमारत की ऊंचाई से गिरा, मजदूरों में मची अफरा-तफरी



बब्लू मृतक का फाइल फोटो।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना अजीमनगर क्षेत्र के रतनपुरा के पेंटर की 12 मंजिल इमारत पर रंगाई- पुताई करते समय अचानक से पैर फिसल गया। पैर फिसलने से वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। यह देख मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने आनन फानन में उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन जब तक पेंटर की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

रतनपुरा निवासी बब्लू जोकि चेन्नई में पेंटर का काम करता था। सोमवार को वह एक 12 मंजिला इमारत पर रंगाई-पुताई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। यह देख काम कर रहे मजदूरों और ठेकेदार ने बब्लू को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि चेन्नई में कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जिसके बाद शव को गांव लाया जाएगा। गांव में लोग अंतिम दर्शन के लिए शव के पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से हर संभव सहायता की मांग की है।

## नहर में गिरी कार, एक ही परिवार के 7 लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद–थूनापुर रोड पर हादसा हो गया।मोहर्रम की मेहंदी देखने जा रहा एक परिवार उस समय हादसे का शिकार हो गया, जब उनकी कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार में कुल 7 लोग सवार थे। जो गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि स्थानीय ग्रामीणों ने समय रहते तत्परता दिखाई और सभी को पानी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

थाना भगतपुर के ग्राम उदमावाला निवासी मोबीन अपने परिवार के सदस्यों मेंमोनिस, रुकशाना, हाशमी, हनीसा, मेनाज और एक साल का जौरान के साथ मारुति से कार से मोहर्रम की मेहंदी देखने भटपुरा जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार खौद–थूनापुर मार्ग पर खड़िया पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, तभी सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में चालक का कार पर से नियंत्रण खो गया। अनियंत्रित कार सीधे सड़क किनारे बनी गहरी नहर में जा गिरी ।कार के नहर में गिरते ही वहां चीख–पुकार मच गई। हादसे को देख आस–पास के ग्रामीण और लकड़ी काट रहे मजदूर तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पानी में छलांग लगा दी और कार में फंसे सभी सात लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला ।अस्पताल में भर्ती: सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रामीणों की इस सूझबूझ और बहादुरी की हर तरफ तारीफ हो रही है।



हादसे के बाद घायल परिजन। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### अग्निकांड में कांग्रेस कमेटी ने जताया शोक

**मिलक।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 15 छात्रों की मौत और कई घायलों की घटना पर मिलक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने मृतकों के परिजनों के लिए 20 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग की है। मिलक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि छात्र देश व प्रदेश का भविष्य होते हैं, इसलिए इस तरह की घटनाएं अत्यंत दुखद हैं।शोक सभा में मांग की गई कि प्रदेश सरकार मृतकों के परिजनों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 20 लाख रुपये का मुआवजा दे। वहीं घायलों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।अंत में सभी कांग्रेसियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस अबसर पर कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, चौधरी विजय सिंह राणा, परमानंद श्रीवास्तव, सर्वेश गंगवार, मदनलाल श्रीवास्तव, श्याम बिहार गंगवार, अयूब खान, अनवर अहमद, वसीम भाई, होरीलाल, फिरोज, पप्पू गुप्ता, राहुल शुक्ला आदि थे।

### 1 जुलाई से मस्जिद गुलजार खानम में भरे जाएंगे हज फार्म

**रामपुर।** वर्ष 2027 की हज यात्रा के लिए भारत सरकार हज कमेटी ने फार्म भरने की तिथि की ऐलान कर दिया है। यह फार्म 20 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। हज यात्रा के लिए जाने वाले लोग अपना फार्म भर सकते हैं। जिनके पास 31 दिसम्बर 2027 तक के पासपोर्ट की वैद्यता हो। वह फार्म जमा कर सकते हैं। हज कमेटी के कार्यकर्ता बाबू अली शमसी ने बताया कि रामपुर में भी वर्ष 2027 के हज पर जाने वाले का हाजियों के फार्म भरने का कार्य 1 जुलाई से मस्जिद गुलजार खानम में शुरू होगा। इसकी अंतिम तिथि 20 जुलाई है।



नायब तहसीलदारों का स्वागत करते अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

### नवागत नायब तहसीलदारों का हुआ स्वागत

**मिलक।** बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में मंगलवार को नव नियुक्त नायब तहसीलदार हरिश्चंद्र जोशी एवं नायब तहसीलदार राजेश कुमार का भावपूर्ण स्वागत समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार एवं महासचिव रमेश चंद्र ने दोनों अधिकारियों को फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर सभागार में स्वागत किया। न्यायिक एवं प्रशासनिक तहसीलदार अवनींद्र शुक्ला का भी फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष बाबूराम गंगवार ने की। वक्ताओं ने कहा कि बार और बेंच के बेहतर समन्वय से ही आम जनता को त्वरित न्याय मिल सकेगा। नव नियुक्त अधिकारियों ने अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए आभार जताते हुए न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर योगेश कुमार बंसल , धर्मेंद्र सक्सेना, देशबीर सिंह, कमल कांत शर्मा, श्रीराम राठौर, देवेंद्र गंगवार, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, घनश्याम, बसंत कुमार, नवनीत यदुवंशी, उमेश चंद सक्सेना, शेखर रुहेला , अनुज पांडे समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 68 युवाओं का हुआ चयन

**मिलक।** जिला सेवायोजन विभाग, रामपुर के तत्वावधान में मंगलवार को डॉ. राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, मिलक में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर अनिल गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की तीन प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 127 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 68 प्रतिभागियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र एवं ऑफर लेटर वितरित किए गए। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए, जिससे उनमें उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार ने युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहायक सेवायोजन अधिकारी राकेश कुमार, अजय कुमार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार उपस्थित रहे।

# ओलंपिक दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



शहीद–ए–आज़म स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर शहीद-ए-आज़म स्पोर्ट्स स्टेडियम, जिला खेल कार्यालय में खिलाड़ियों के मध्य खेल भावना, अनुशासन एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालक एवं बालिका वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को ओलंपिक के मूलभूत मूल्यों उत्कृष्टता, मित्रता एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना। इस अवसर पर खिलाड़ियों को ओलंपिक आंदोलन के इतिहास, महत्व एवं मूल्यों की जानकारी भी प्रदान की गई तथा उन्हें नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार के निर्देशन में आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षक फरहत अली खान, एथलेटिक्स प्रशिक्षक सौरभ कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि ओलंपिक दिवस हमें उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान के मूल्यों को अपनाकर खेलों के माध्यम से एक बेहतर समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं शत-प्रतिशत नामांकन करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में जनपद के विद्यालयों में छात्र नामांकन की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलने वाले स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत छात्रों का नामांकन कराएं। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत कराये जाने वाले शौचालय निर्माण, टायलीकरण, किचन सेट निर्माण, एवं बाउंड्रीवॉल के कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश समस्त खंड विकास अधिकारियों को दिये। उन्होंने आरटीई के तहत बच्चों के नामांकन को लेकर चर्चा करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निजी विद्यालयों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पात्र बच्चों का नामांकन कराने के निर्देश दिए। बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों के अधिगम स्तर, डीबीटी की स्थिति, दिव्यांग बच्चों के नामांकन सहित विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सभी विद्यालय 24 जून से प्रारम्भ होंगे, जबकि कक्षायें 25 जून से प्रारंभ होंगी।



कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक विद्यालय का नियमित अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र उपस्थिति तथा सीखने के स्तर में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ गुलाबचन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेंदुए का खौफ बरकरार, दूसरे दिन भी नहीं हुआ पिंजरे में कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** गांव मिर्जापुर में सफाईकर्मी और वनकर्मी पर हमले के बाद भी तेंदुआ दूसरे दिन पिंजरे में कैद नहीं हो सका। लगातार तेंदुए की मौजूदगी की सूचना मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम मौके पर डेरा डालकर तेंदुए की निगरानी कर रही है। लेकिन अभी तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी है।

सोमवार सुबह मिर्जापुर गांव जा रहे सफाईकर्मी आकाश पर तेंदुए ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद तेंदुआ पास के मक्का के खेत में घुस गया। तेंदुए के देखे जाने की खबर आसपास के गांवों में तेजी से फैल गई। जिससे लोगों में भय व्याप्त हो गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए मक्का के खेत के चारों तरफ जाल और पिंजरा लगाया। पिंजरे में चारे के रूप में एक बकरी भी बांधी गई। सोमवार देर शाम वन कर्मी धर्मेंद्र कुमार पिंजरे में बंधी बकरी को चारा और पानी देने पहुंचे थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले में वन कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर तेंदुआ फिर मक्का के खेत में भाग गया। मंगलवार को भी तेंदुआ पिंजरे में कैद नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ लगातार मक्का के खेतों के आसपास देखा गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक जख्मी, रेफर

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको सीएचसी शाहबाद से प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाहबाद थाना क्षेत्र के टांडा गांव निवासी फैसल अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के पास सड़क पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क पर गिरकर फैसल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत तत्परता दिखाई। घायल किशोर के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य आनन–फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। फैसल को इलाज के लिए सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे डॉक्टरों ने घायल किशोर को प्राथमिक उपचार दिया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# फेयर एक्सपोर्ट ने 500 टीबी रोगियों को लिया गोद

- चमरौआ पीएचसी में हुआ पोषण आहार वितरण का कार्यक्रम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** निश्चय मित्र पहल के अंतर्गत फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 200 मरीजों को पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षय रोग टीबी से जूझ रहे मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये पोषण आहार किट वितरित की गई।

200 लाभार्थियों को पोषण आहार किट प्रदान की गई। इसमें मिलक ब्लॉक के 100, ब्लॉक चमरौआ के 100 लोग शामिल है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लाभार्थियों को उनके स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर किट का वितरण किया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल 500 टीबी रोगियो को गोद लिया गया है शेष 300 पोटली भी आगामी दिनों में दी जाएगी। जनपद में और औद्योगिक संस्थाओं द्वारा भी जल्द पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम किया जाएगा।32 अल्ट्रासाउंड द्वारा एवं 14 लैब हॉस्पिटल द्वारा भी टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरण की जा चुकी है शेष अल्ट्रासाउंड हॉस्पिटल एवं लैब भी जल्द ही टीबी रोगियो को पोषण पोटली वितरण करेंगे।




चमरौआ पीएचसी में रोगियों के साथ खड़े चिकित्सक। –जागरण मोर्चा

# गोकशी में पांच आरोपियों को सात साल की कैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर।गोकशी के मामले में कोर्ट ने पांच आरोपियों को सात साल की सजा और 3 लाख का जुर्माना ठोका है। केमरी थाने में तैनात रहे प्रभारी इंद्रेश कुमार ने कुइया तालाब महावर में मीट की दुकान पर छापा मारा था।वहां से भारी मात्रा में गोमांस बरामद किया था। लोगों का कहना था कि बिना लाइसेंस से मांस बेचा जा रहा था। उसके बाद पुलिस ने बचे आरोपी को पकड़ने के लिए फरीद की निशानदेही पर कुईया निवासी ,शाकिर,मेराज, तसलीम और धावनी हसनपुर से आरिफ को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने विवेचना करते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एडीजे द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गोकशी के मामले में सभी आरोपियों को सात साल की सजा और 3 लाख का जुर्माना ठोका है।

**मांग** व्यापारियों ने मंडी समिति में प्रदर्शन कर सचिव को सौंपा ज्ञापन

# मंडी समिति के निगरानी गेट को खोला जाए: संदीप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी इकट्ठा होकर मंडी समिति डूंगरपुर पहुंचे। वहां पहुंचकर व्यापारियों ने अपनी समस्याएं मंडी सचिव को बताई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जनपद की अर्थव्यवस्था रोजगार व्यापार आर्थिक प्रगति में वृद्धि हो सके। मंडी समिति परिसर के निगरानी गेट को पूर्ण रूप से खोला जाए। परिसर में 75 प्रतिशत भूमि रिक्त व खाली है जिस पर व्यापारियों को फल सब्जी अनाज बिक्री के लिए नए फड़ व टीन शेड व छोटी बड़ी दुकानों का निर्माण कराया जाए।



विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय अध्यक्ष।

मंडी के व्यापारियों से मंडी प्रशासन पूरे 1 वर्ष का किराया एडवांस मांग रहा है। जिससे व्यापारी समाज पर अर्थव्यवस्था तंग होने की वजह से मानसिक दबाव बढ़ गया है। मंडी परिसर में हैंड पंप खराब पड़े होने की वजह से गरीब किसान सब्जी की टोकरी डालिया लाने वाली महिलाएं बच्चे दुकानदार आढ़ती फड़ वाले छोटे व्यापारी इस भीषण गर्मी में बेहाल हैं। जल की सुविधा सुचारु न होने से जनता परेशान हैं। मंडी के फड़ व टीन शेड को व्यवस्थित व मरम्मत कराया जाना भी जरूरी है ताकि बरसात की बारिश में व्यापारियों किसानों की सब्जी, फल खराब ना हो।

मंडी समिति द्वारा कुछ लाइसेंस होल्डर व्यापारी जमीन पर डामर पर बैठकर पिन्नी डालकर व्यापार करने को मजबूर हैं। इसलिए जिनको सम्मान व सुरक्षा की दृष्टि से प्लेटफार्म बनाकर सेट स्थापित होना भी जरूरी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, विष्णु सैनी, गोपाल शर्मा, नदीम खान, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल, हंसराज अरोरा, राजू सुमन, विष्णु सैनी, लालमन सैनी, हरिओम सैनी,राहुल सैनी, नूर मोहम्मद ,पप्पू एमपी, आमिर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, आक्रोश

- मध्यप्रदेश में 14 गौ सेवकों को आजीवन कारावास की सजा के विरोध में जताया आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारियों ने मध्यप्रदेश में 14 गौ सेवकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाने के मामले को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश की न्यायाधीश जस्टिस तबस्सुम खान द्वारा 14 गौ सेवकों को आजीवन कारावास की सजा सुनाया जाना चिंताजनक एवं विवादास्पद विषय है। संगठन का मानना है कि मामले में उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों पर गंभीरता से पुनर्विचार किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना का कहना है कि इस निर्णय से देशभर के गौ सेवकों एवं हिंदू समाज में असंतोष एवं चिंता का वातावरण उत्पन्न हुआ है।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय है। ऐसे मामलों में निष्पक्षता एवं न्याय की भावना सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर सभी तथ्यों का पुनः परीक्षण कराया जाए तथा न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष), गुरमन जीत सिंह (प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा), मास्टर रोशन लाल (संरक्षक), आकाश यादव (जिला उपाध्यक्ष), नीलम सक्सेना (प्रदेश प्रभारी महिला मातृशक्ति), प्रदीप कुमार, आकाश सैनी, बिंटू, राज, कुलदीप दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## तहसील सदर में समस्या को लेकर एआईजी स्टांप को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, टांडा मिलक में भी पुरजोर विरोध



तहसील सदर में एआईजी स्टांप को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा



तहसील सभागार में आयोजित बैठक में दौरान अधिवक्ता, बैनामा लेखक।




तहसील के गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ता मंगलवार को हड़ताल पर रहे। उन्होंने तहसील सदर में प्रदर्शन कर ज्ञापन एआईजी स्टांप को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अधिवक्ताओं का कहना है ई रजिस्ट्री व्यवस्था लागू नहीं होने देंगे। रजिस्ट्री व्यवस्था का निजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिवक्ता इस व्यवस्था का विरोध करते रहेंगे।

मंगलवार को तहसील सदर में तमाम अधिवक्ता एकत्र हुए। जहां उन्होंने ई-रजिस्ट्री के विरोध में प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि रजिस्ट्री सम्बंधी कार्य निजी हाथों में सौंपे जाने से इस कार्य से जुड़े लोग बड़ी संख्या में बेरोजगार हो जाएंगे। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि ई- रजिस्ट्री का कई दिनों से अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं। उन्होंने समस्या को लेकर एआईजी स्टांप को सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में प्रदीप कुमार सक्सेना, दिलीप सक्सेना, भरत कुमार पूठिया, मुख्तार अहमद, राजकुमार, आमिर, कृष्ण कुमार, शिवम शंखधार, सालिम एडवोकेट, अनूप अली, शहजाद, अनूप सिंह, महेंद्र सैनी, गुलफाम अब्बासी, अक्षय यादव, शाहनवाज, मुर्तजा अली, सैफद्दीन आदि मौजूद रहे।

**टांडा: ई- रजिस्ट्री प्रणाली का किया गया पुरजोर विरोध**

मंगलवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील सभागार में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखक एवं स्टाम्प वेंडरों की संयुक्त बैठक का आयोजित हुई। जिसमें ई- रजिस्ट्री प्रणाली पर चर्चा करते हुए इसे लागू करने को लेकर पुरजोर विरोध किया गया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक प्रदेश सरकार ई रजिस्ट्री प्रणाली वापस नहीं लेगी तब तक अधिवक्ता, बैनामा लेखक एवं स्टांप वेंडर संयुक्त रूप से कलमबंद हड़ताल करेंगे।

बैठक में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान, महासचिव प्रथी सिंह सैनी, राजकुमार चौहान, प्रताप चौहान, समर सिंह चौहान, कुवर संजय कुमार सिंह, अनिल कुमार भारद्वाज, अशोक कुमार, राजीव चौहान, अनूप चौहान, धर्मवीर चौहान, खुर्शीद अहमद, मोहम्मद अनीस, आलम हुसैन, अमित चौहान, तारिक हुसैन, राजवीर चौहान, सतवरी चौहान, इमरान पाशा, सोमवीर सिंह, शीश पाल चौहान, स्टांप वेंडर नदीम अख्तर, रविन्द्र सक्सेना, सुनील गुप्ता, रवि सहित बैनामा लेखक नाजिम, सोमपाल और अनीस आदि मौजूद रहे।

### मिलक में भी बार एसोसिएशन ने की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल

मिलक। सरकार द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना के विरोध में बार एसोसिएशन मिलक ने मंगलवार को अनिश्चितकाल तक कलमबंद हड़ताल का ऐलान किया। बार एसोसिएशन मिलक के सभागार में आयोजित आवश्यक बैठक में सभी बार सदस्यों, बैनामा लेखकों और स्टाम्प वेंडरों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि ऑनलाइन फ्रैंचाइजी मॉडल योजना लागू होने से आम जनता पूरी तरह प्रभावित होगी। इससे समाज में बेरोजगारी की भयावह स्थिति उत्पन्न होगी और हजारों परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और स्टाम्प वेंडरों में इस योजना को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार इस योजना को वापस नहीं लेती, तब तक सभी अधिवक्तागण, बैनामा लेखक और स्टाम्प वेंडर विरोध स्वरूप संघर्ष जारी रखेंगे। सभा की अध्यक्षता अध्यक्ष सतीश चन्द्र गंगवार एडवोकेट और संचालन महासचिव रमेश चन्द्र एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर महेंद्र प्रकाश अग्रवाल, श्री राम राठौर, बाबूराम गंगवार, राकेश चंद्र सक्सेना, देवेंद्र गंगवार, राजीव कुमार जैन, प्रदीप सक्सेना, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, रईस अहमद, कमलकांत शर्मा, शेखर रुहेला, धर्मेंद्र प्रकाश शर्मा, रविन्द्र गंगवार, हर्षवर्धन, विवेक गंगवार, बसंत कुमार आदि अधिवक्ता एवं सुरेश गंगवार, अमित कुमार, वीरपाल आदि उपस्थित रहे।

# हजरत के आस्ताने पर हुई अमन-भाईचारे की दुआ

जागरण मोर्चा, कार्यालय



हजरत बगदादी साहब की मस्जिद में दुआ कराते सैयद इकबाल मियां।

**रामपुर।** मोहर्रम 7 को हजरत बगदादी साहब की मस्जिद में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसा गुलशन ए बगदाद के उस्तादों ने हजरत इमाम हुसैन, हजरत हसन और कर्बला में शहीद हुए सभी इमाम हुसैन के साथियों के बारे में तकरीर की। उनके बारे में बताया। इससे पहले नात पेश की गई। बाद में कुल शरीफ का आगाज हुआ। इसके बाद सैयद इकबाल मियां ने दुआ कराई। हजरत के आस्ताने पर मोहर्रम के लिए प्रोग्राम 25 जून यानि 9 मोहर्रम जारी रहेंगे। इस अवसर पर सज्जादनशीन सैयद साजिद मियां, चांद मियां, राशिद मियां, मुस्लिम मुईन कुरैशी, मौलाना नईम, मौलान अब्बास समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अधिक कीमत पर यूरिया-डीएपी मिलने पर भड़के विक्रेता

- **अनावश्यक टैगिंग करने की जिलाधिकारी से की शिकायत**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** खाद- बीज विक्रेताओं ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर यूरिया और डीएपी उर्वरकों पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने, यूरिया पर अनावश्यक टैगिंग की शिकायत की है। विक्रेताओं ने इस समस्या के समाधान की तत्काल मांग की है। विक्रेताओं के अनुसार

मंगलवार को विक्रेता एकत्र होकर विकास भवन पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन जिला कृषि अधिकारी को सौंपा। जिसमें विक्रेताओं का कहना है कि सरकार द्वारा यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य 266 रुपये प्रति बैग मिल रहा है। लेकिन यह 290 रुपये प्रति बैग की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक 500 कट्टों पर लगभग एक लाख रुपये की दवाइयों की अनिवार्य टैगिंग भी की जा रही है। जिससे विक्रेताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।



विकास भवन में जिला कृषि अधिकारी से बातचीत करते विक्रेता। -जागरण मोर्चा

डीएपी उर्वरक का निर्धारित मूल्य 1350 रुपये प्रति बैग है, जबकि कुछ थोक विक्रेता इसे 1650 रुपये प्रति बैग की दर से बेच रहे हैं। खाद विक्रेताओं का कहना है कि इस प्रकार की मनमानी से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है।

चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो उन्हें अपना कारोबार बंद करने पर मजबूर होंगे। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने खाद एवं बीज विक्रेताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अब तक दुकानदारों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी, लेकिन वर्तमान शिकायत के आधार पर विधि सम्मत परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी करने में तीन आरोपी गिरफ्तार

- **अजीमनगर पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद किया सामान**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर/ सैदनगर।** अजीमनगर पुलिस ने मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी से एल्यूमीनियम का दरवाजा चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किया गया दरवाजा, चोरी में इस्तेमाल ई-रिक्शा भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार यूनिवर्सिटी परिसर से एल्यूमीनियम का एक दरवाजा चोरी कर ई-रिक्शा से आलिगंज की ओर ले जाया जा रहा था। स्थानीय लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने आफताब पुत्र अखलाक, बाबू पुत्र वहीद अहमद, रामरतन पुत्र कल्लन को पकड़कर चोरी के सामान सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया एल्यूमीनियम का दरवाजा और उसे ले जाने में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद की। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।



थान अजीमनगर पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी। -जागरण मोर्चा

# वार्ड 19 में सफाई न होने से नाला गंदगी से भरा

- **समाजसेवी ने नाले की तलीझाड़ सफाई करने की मांग**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**टांडा।** नगर के वार्ड 19 में स्थित मैन नाले की सफाई नहीं हुई है। नाला गंदगी से भरा पड़ा है। अगर जल्दी नाले की उचित सफाई नहीं की गई तो बारिश होने पर घरों में पानी घुस जाएगा और वार्डवासियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ेगा। समाजसेवी अतीक सलमानी ने पालिका प्रशासन से शीघ्र नाले की तलीझाड़ सफाई कराने की मांग की है।

नगर पालिका की उदासीनता के चलते नगर के वार्ड 19 में स्थित मुख्य नाले की अभी सफाई नहीं कराई गई है। नाला गंदगी से अटा पड़ा है। जबकि बारिश का सीजन शुरू हो चुका है। अगर बारिश होती है तो नाले का गंदा पानी नागरिकों के घरों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होगी। इस क्षेत्र में हर साल मानसून में पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। इस बार अभी तक सफाई न होने से समस्या विकराल रूप ले सकती है। समाजसेवी अतीक सलमानी ने पालिका प्रशासन से शीघ्र नाले की सफाई कराने की मांग की है। ताकि बारिश होने पर वार्डवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।



सफाई न होने गदंगी से अटा हुआ नाला व अतीक सलमानी, समाजसेवी।

कार्रवाई | 4600 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैक्ट्री को तोड़कर किया मैरिज हाल संचालित

# भाकियू नेता के मैरिज हाल को आरडीए ने किया सील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में रामपुर विकास प्राधिकरण की बिना सहमति लिए मकानों, कॉलोनी को काटने वाले लोगों की रातों की नींदें उड़ी हुई है। क्योंकि ऐसे में जिन लोगों ने विभाग से बिना सहमति लिए कॉलोनियों को काटकर प्लाटिंग की है उन सभी मकानों, कॉलोनियों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण, सीलबंद की कार्रवाई हो रही है।

रामपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने भाकियू नेता भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक फरीद खां, मुताहिर खां के बिलासपुर गेट स्थित शाह जमाली मैरिज को सील किया है। मंगलवार को टीम कार्य विशेष अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में पहुंची। सहायक अभियंता मनोज कुमार सिसौदिया ने बताया कि फरीद खां, मुताहिर खां ने लगभग 4600 वर्ग मीट एरिया में पूर्व में निर्मित फैक्ट्री को तोड़कर लगभग 1460.00 वर्ग मीटर में अवैध रूप से शाह जमाली मैरिज हॉल संचालित किया जा रहा था। इस पर प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी करते हुए सुनवाई के बाद तत्कालीन सचिव द्वारा सील आदेश पारित किया गया था। इसी आदेश पर मंगलवार को टीम ने मैरिज हॉल को सील लगा दी है। सीलबंदी कार्रवाई के दौरान कार्य विशेष अधिकारी, तहसीलदार, सहायक अभियंता मनोज कुमार सिसोदिया, रविशंकर, प्रशांत कुमार, ओमप्रकाश मालवीय आदि मौजूद रहे।




बिलासपुर गेट स्थित शाह जमाली मैरिज हॉल पर लगाई सील।

### 325 संदिग्ध, अवैध निर्माणों की सूची है तैयार

अवैध कालोनियों, अनधिकृत प्लाटिंग और बिना स्वीकृति के किए गए निर्माण कार्यों पर जल्द ही प्रशासनिक शिकंजा कसने के लिए राजस्व विभाग ने ऐसे करीब 325 संदिग्ध और अवैध निर्माणों की सूची तैयार कर रामपुर विकास प्राधिकरण को सौंपी है। आरडीए ने सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि जल्द ही संबंधित लोगों को नोटिस जारी करने के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू की जा सके।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पटवाई।** थाना क्षेत्र के ग्राम पीपला मन्सूरपुर में एक घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला करने और लहूलुहान करने के मामले में पटवाई पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीपला मन्सूरपुर निवासी पीड़ित छोटे पुत्र नन्हे ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीती 15 मई की शाम करीब 7:30 बजे गांव का ही जाबिर पुत्र छोटे उसके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने इसकी शिकायत जाबिर के पिता छोटे से की, तो वह भी भड़क गया। इसके बाद आरोपी जाबिर, उसके पिता छोटे, और गांव के ही रौनक व नन्नुका पुत्र पुत्तन एकराय होकर लाठी-डंडों के साथ पीड़ित के घर में घुस गए और उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में पीड़ित का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। लहूलुहान हालत में थाने पहुंचे पीड़ित को पटवाई पुलिस ने तुरंत मेडिकल और उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेजा था। अस्पताल में इलाज चलने के कारण पीड़ित समय पर लिखित तहरीर नहीं दे पाया था। लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद पटवाई थाना पुलिस ने चारों आरोपियों—जाबिर, छोटे, रौनक और नन्नुका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## सार संक्षेप



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाते जिला पंचायत अध्यक्ष।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**स्वार।** क्षेत्र के रुस्तमनगर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देश के महान शिक्षाविद् और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्रबंधक ख्यालीराम लोधी के कुशल दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सभी आचार्य एवं दीदियों (शिक्षिकाओं) के साथ सामूहिक रूप से पूजन किया। इस दौरान 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें' के गगनभेदी नारे भी गूंजे। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह संस्थान उन्हीं के नाम को पूरे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाकर रोशन कर रहा है। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके दिखाए राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर बृज किशोर मौर्य, नरोतम सिंह मौर्य, अंजली और सेविका कलावती सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### सीओ सोनम सिंह का व्यापारियों ने किया स्वागत

**स्वार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की स्वार टीम ने मंगलवार को तहसील परिसर पहुंचकर नवनियुक्त पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सोनम सिंह से शिष्टाचार भेंट की। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने सीओ को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सीओ सोनम सिंह के साथ स्वार क्षेत्र की विभिन्न कानून व्यवस्था और व्यापारिक हितों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। व्यापारियों ने मुख्य रूप से स्वार के रामपुर-बाजपुर रोड पर आए दिन लगने वाले भीषण जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सीओ ने कहा कि रामपुर-बाजपुर रोड पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। पुलिस बल की मुस्तैदी बढ़ाई जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अजेंद्र राठौर, महासचिव मुशर्रफ अली, फुरकान अली, गगन सचदेवा, रेहान अली, बिट्टू सिंह, फराज मेंबर, इरफान, शकील सलमानी, अतीक अंसारी और दानिश अंसारी सहित कई अन्य व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।



सीओ स्वार का स्वागत करते व्यापारी।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

शाहबाद। मोहर्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को सीओ देवकीनंदन ने ताजियेदारों की बैठक बुलाई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ताजियादारों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मोहर्रम पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपसी भाईचारा एवं सौहार्द त्यौहार मनाने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचें। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा विभिन्न सुझाव एवं समस्याएं भी रखी गईं। जिनको सुनकर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने सभी से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही साथ ताज़िए की ऊंचाई 12 फीट रखने के भी निर्देश दिए।



ताजियेदारों की बैठक लेते सीओ देवकीनंदन।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

### 'किसानों की पूर्ण रूप से हो कर्ज माफी'

**शाहबाद।** मंगलवार को किसान एकता संघ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम आशुतोष कुमार को सौंपा। ज्ञापन में किसानों से जुड़े कई मुद्दे उठाए गए। जिनमें किसानों की पूर्ण कर्ज माफी की मांग प्रमुख रही। एसएसपी को लेकर गारंटी कानून बनाए जाने की भी मांग की। साथ ही साथ बीज अधिनियम 2025 और बिजली अधिनियम 2025 को खत्म करने की भी मांग की गई। ज्ञापन देने वालो में जिला अध्यक्ष जावेद खा, अनूप सिंह, भूरे, रामदास, विजयपाल सिंह आदि रहे।

### आत्मा की शांति के लिए नर्मदेश्वर मंदिर में हुआ हवन

**रामपुर।** लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में हुई दुखद अग्निकांड की घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करने की कामना के लिए मिलक क्षेत्र के नर्मदेश्वर मंदिर में हवन एवं विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार तथा पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार ने हवन में सहभागिता करते हुए दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दु :ख को सहन करने की शक्ति दें। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। समूचा विश्व इस दु :ख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार ,पुजारी वेदराम,पवन कुमार,चैनसुख गंगवार हवन में रहे।



हवन में आहुति देते भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार।

# लखनऊ के अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा शोक व्यक्त

## हृदयविदारक अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के कार्यकर्ता काफी संख्या में मंगलवार को नगर के कैथल गेट पर एकत्र हुए। जहां पर उन्होंने लखनऊ के अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने इस हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों और नागरिकों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

यहां बता दे कि लखनऊ के अलीगंज स्थित एक व्यावसायिक इमारत में सोमवार को हुए हृदयविदारक अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे में मासूम



लखनऊ भीषण अग्निकांड में विद्यार्थियों की मृत्यु होने पर श्रद्धांजलि देते व्यापारी।

छात्रों की असमय मृत्यु पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने मौन धारण कर गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक छात्रों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रेषित कीं।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और विचलित करने वाली है। जिन परिवारों ने अपने युवा बच्चों को खोया है, उनका दर्द असहनीय है। राज्य सरकार से मांग है कि रिहायशी नक्शे पर अवैध रूप से कमर्शियल गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले भवन मालिकों और नियमों की अनदेखी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थान संचालकों से भी अपील है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें ताकि भविष्य में ऐसी किसी त्रासदी को रोका जा सके।दीपक वार्ष्णेय ने उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तत्परता से की गई कार्रवाई, एसआईटी गठन और पीड़ितों के लिए घोषित की गई त्वरित आर्थिक सहायता का स्वागत किया है। इसके साथ उन्होंने सरकार द्वारा सख्त कार्यवाही की मांग की है ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके। इस दौरान तुषार, राजू ठाकुर, अतुल कश्यप, वीरपाल, राहुल, मोहित ठाकुर, उमाकांत शर्मा, मलिक ख़ान, शालिम ख़ान मौजूद रहे।

# मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु से पूरा प्रदेश शोकाकुल: राज्यमंत्री

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के आवास सुभाष रोड रायसत्ती पर मंगलवार को लखनऊ में हुई दर्दनाक अग्निकांड की घटना में मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें सभी मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही

राज्यमंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण करके मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु से पूरा प्रदेश शोकाकुल है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है तथा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल,तरुण कुमार नीरज,रोहित दिवाकर,संजय बंसल,राजकुमार यादव,देवेंद्र गुप्ता मोनू,आकाश आहूजा,लोकेश मौर्य, अनुजउपाध्याय, चंद्रसेन दिवाकर छोटू आदि मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करती राज्यमंत्री व भाजपाई। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



तहसील में उपनिबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

### ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में जारी रहेगा आंदोलन

**चन्दौसी।** ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर तहसील के समस्त अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय का पूर्ण बहिष्कार किया तथा न्यायिक कार्य से भी विरत रहे। इसके साथ अधिवक्ताओं ने उप निबंधक कार्यालय के बाहर एकत्र होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और सरकार से अधिवक्ताओं एवं आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी मांगों पर विचार करने की अपील की। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर एडवोकेट एवं महामंत्री दिलीप यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पूरे दिन आंदोलन को सफल बनाया तथा किसी भी प्रकार का पंजीयन कार्य नहीं होने दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार से पूरे दिन उप निबंधक कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा तथा पंजीयन कार्य प्रभावित रहा। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वे अपने अधिकारों एवं न्याय व्यवस्था की गरिमा की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इस दौरान बाबूलाल, महिपाल सिंह, बृजेश शर्मा, रामसेवक, बलराम शर्मा, संतोष कुमार,नरेंद्र प्रकाश, उमेश सिंह, विजयपाल सिंह, गुड्डू बाबू, चोखेलाल सागर, अमित शर्मा, प्रेमपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्टाम्प वेंडर एवं दस्तावेज लेखक शामिल रहे।



बाबा अमरनाथ भंडारे के लिए खाद्य सामग्री को भेजते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

### भंडारे के लिए खाद्य सामग्री से भरा ट्रक जम्मू-कश्मीर रवाना

**चन्दौसी।** शिव बर्फानी मानव सेवा समिति के तत्वावधान में कैलाशी राजीव गुप्ता के नेतृत्व में बाबा अमरनाथ यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले चतुर्थ विशाल भंडारे के लिए खाद्य सामग्री एवं आवश्यक सामान से भरा एक ट्रक मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया गया। समिति के मुख्य सेवादार कौशल किशोर वंदेमातरम ने बताया कि बाबा अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 1 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित होगी। यात्रा के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। यात्रियों की सेवा के लिए विभिन्न संस्थाओं को अमरनाथ श्राइन बोर्ड एवं जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत भंडारे लगाने की अनुमति प्रदान की जाती है।उन्होंने बताया कि नगर की शिव बर्फानी मानव सेवा समिति को जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास परिसर में 1 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक आधिकारिक रूप से भंडारा संचालित करने की अनुमति प्राप्त हुई है। भंडारे की व्यवस्था एवं संचालन की जिम्मेदारी रूपेश शर्मा को सौंपी गई। इस दौरान राजीव गुप्ता, अंशुल टनाटन, मनोज कुमार डब्बू, राहुल सिंघल, विट्टू अग्रवाल, कपिल गुप्ता, मौसम गुप्ता, संजय किराना, मेवाराम गुप्ता, जितेन्द्र कुमार शीरा, अर्पित चंद्रा, शरद चंद्र लाले, शलभ गुप्ता, सुमित चानू, अक्षय किराना, अनुभ जावा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- फायरिंग के बाद घायल हुआ वांछित आरोपी, तमंचा, बाइक और 25 हजार रुपये बरामद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** थाना पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी और दिनदहाड़े हुई चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, अपाचे मोटरसाइकिल और 25 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार सोमवार को चन्दौसी बाईपास स्थित क्षेमनाथ मंदिर के पास चेकिंग अभियान के दौरान नईम पुत्र सादत निवासी नई बस्ती बारादरी, जनपद मुरादाबाद को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हुई पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

**दिनदहाड़े चोरी के मामले में चल रहा था फरार**

गिरफ्तार आरोपी थाना सम्भल में दर्ज मुकदमा संख्या 114/2026 की धारा 303(2) बीएनएस में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने मौके से एक 12 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, अपाचे मोटरसाइकिल तथा 25 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। घटनास्थल पर फील्ड टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी नईम के खिलाफ मुरादाबाद, बरेली और सम्भल जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, धोखाधड़ी तथा आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी थाना प्रभारी सम्भल सुधीर कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने की।

# लखनऊ अग्निकांड में दिवंगत विद्यार्थियों को वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन जिला संभल द्वारा नगर के स्टेशन रोड स्थित शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में स्थित एक कोचिंग संस्थान में हुई भीषण अग्निकांड की घटना में दिवंगत हुए 14 विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान जिला अध्यक्ष आकाश कुमार ने कहा कि लखनऊ में हुई यह दुखद घटना पूरे समाज को झकझोर देने वाली है। मासूम विद्यार्थियों का इस प्रकार असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिनेश पाल सिंह 'दिव्य ने कहा कि वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन की समस्त इकाई इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है तथा उनके प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है। संगठन ने दुर्घटना में घायल विद्यार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत विद्यार्थियों को नमन करते हुए उनकी स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि ऐसी दुःखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान संजय सृजन, डा.डी. के.अग्निहोत्री,दिनेश पाल सिंह,वीके त्रिपाठी,अभिनव वार्ष्णेय,अनिल गोस्वामी, भुवनेश बघेल, रोहित सैंजनी, सतेंद्र दिवाकर,डी.के. मौर्य, सतेंद्र मौर्य,प्रदीप मौर्य,मनीष कुमार,विवेक चौहान नीलेश सिंह आदि लोग शामिल रहे।




लखनऊ अग्निकांड में दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि देते। -जागरण मोर्चा

# 'डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देशभक्त,क्रांतिकारी, शिक्षा विद, भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे'

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद,देश भक्त, क्रांतिकारी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस नगर के रेलवे स्टेशन के सामने मुखर्जी चौक पर उनकी प्रतिमा पर धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सभी ने उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और व्यवस्थापक ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष पंड़ित सच्चिदानंद शर्मा ने माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देशभक्त,क्रांतिकारी, शिक्षा विद, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट में वकालत शुरू की। 1934 में वह विश्व के सबसे कम उम्र मात्र 33 बर्ष के कुलपति बनाए गए। वह बंगाल विधान परिषद सदस्य भी चुने गए। 1944मे हिंदू महासभा के अध्यक्ष नियुक्त किए गए।

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने उनको उद्योग एवम आपूर्ति मंत्री बनाया। वह जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने जोरदार नारा दिया 1953 में बिना परमिट जम्मू कश्मीर में प्रवेश करने पर उनको शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने हिरासत में ले लिया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनके बलिदान के बाद शेख अब्दुल्ला को हटा दिया गया। बाद में भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटा दी गई। जम्मू कश्मीर से 370 हटाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। इस दौरान एन के शर्मा, दिनेश चन्द्र गुप्ता, सच्चिदानंद शर्मा, हेमन्त कुमार गुप्ता, डा. जितेन्द्र वर्मा, गेंदनलाल,वेदराम मौर्य, आरएम सक्सैना, मुकेश कुमार शर्मा, मोनू गर्ग, ओम शंखधार,सुरेश चंद्र शर्मा ने विचार व्यक्त किए।




डा. श्याम प्रसाद की जयंती मनाते स्मारक समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# घर के गेट पर मिला बुजुर्ग का शव, परिजनों ने आने से किया इनकार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बुजुर्ग का शव उसके घर के गेट पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हैरानी की बात यह रही कि सूचना देने के बावजूद परिजनों ने मौके पर आने से इनकार कर दिया।

थाना बनियाठेर गांव कुमारपुर गुमरिया निवासी 61 वर्षीय किशनपाल पुत्र रोशनलाल वर्तमान में क्षेत्र के अशोक नगर, गुमथल रोड स्थित अपने मकान में अकेले रहते थे। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उनका शव मकान के गेट पर पड़ा मिला। पड़ोसी नेमपाल शर्मा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि किशनपाल की पत्नी का लगभग तीन माह पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था। वहीं उनके बेटे हरिओम की करीब पांच वर्ष पहले उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि एक अन्य बेटी कहीं और रहती है। पत्नी और बेटे की मौत के बाद किशनपाल अकेले जीवन व्यतीत कर रहे थे। पड़ोस के लोग ही समय-समय पर उन्हें भोजन उपलब्ध कराते थे।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी बोबिन्द कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया बुजुर्ग की मौत बीमारी के कारण प्रतीत हो रही है। परिजनों से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया। पुलिस द्वारा उनकी बेटियों से संपर्क कर उन्हें बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।



किशनपाल की मौत के बाद परिजनों से जानकारी करती पुलिस व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

### मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**संभल।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कार्यालय स्थित सभागार में समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं, ताकि कहीं भी शांति एवं सौहार्द प्रभावित न होने पाए। उन्होंने क्षेत्र में लगातार भ्रमण और प्रभावी गश्त बढ़ाने, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने तथा खुफिया तंत्र को सक्रिय बनाए रखने के निर्देश दिए। डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। समीक्षा गोष्ठी में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे।




सुरक्षा व्यवस्था की बैठक लेते डीआईजी।

### चेकिंग अभियान में परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**संभल।** सड़क सुरक्षा के मद्देनजर शासन और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को सम्भल जनपद में परिवहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अमिताभ चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान यात्री एवं मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव तथा प्रवर्तन टीम भी मौजूद रही।

अभियान के दौरान अनाधिकृत रूप से संचालित दो बसों का चालान किया गया, जबकि फिटनेस प्रमाण पत्र न होने और ओवरलोड माल परिवहन के आरोप में आठ वाहनों को थाना बनियाठेर, बहजोई और सम्भल में बंद कराया गया। इसके अलावा 13 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप न पाए जाने पर प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 1.02 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया। विशेष अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्ती दिखाई गई। हेलमेट का प्रयोग न करने पर 12 चालान, सीट बेल्ट न लगाने पर पांच चालान और नो-पार्किंग के उल्लंघन में 10 चालान किए गए। वहीं शहर के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर सड़क किनारे अनधिकृत रूप से खड़े 16 वाहनों को हटवाया गया। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

अब तक मेरा नाम PARMESHWAR DAYAL SHARMA था अब मैं PARMESHWAR DAYAL नाम से जाना जाऊंगा। अब भविष्य में मुझे PARMESHWAR DAYAL नाम से जाना व पहचाना जाये।

**परमेश्वर दयाल पुत्र श्री ओम निवास, निवासी ग्राम व पो. बरौर अमानुल्लापुर तह. बिसौली जिला बदायूं उ.प्र. 243726**


### आरोपी को एक माह चार दिन की सजा

**मुरादाबाद।** बिलारी थाना क्षेत्र में आर्म्स एक्ट के 21 वर्ष पुराने मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए एक माह चार दिन की सजा तथा 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार 13 दिसंबर 2004 को बिलारी थाना पुलिस ने नंगलिया मोड़ धर्मपुर कला रोड से नंगलिया जट निवासी रामकुंवर उर्फ कुंवर सैन के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया था। इस संबंध में थाना बिलारी में आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी सतपाल अंतिल निर्देश पर चलाए जा रहे कन्विक्शन अभियान के तहत अभियोजन एवं पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद एसीजेएम (एसडी) न्यू कोर्ट की न्यायाधीश अंकिता सिंह ने आरोपी को दोषी करार देते हुए एक माह चार दिन के कारावास 500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

**आयोजन** कर्बला के शहीदों की याद में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, जगह-जगह लगीं सबीलें

# या हुसैन की सदाओं के बीच निकला सातवीं मुहर्रम का अलम जुलूस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** मुहर्रम माह की सातवीं तारीख पर मंगलवार को सम्भल शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गम, अकीदत और श्रद्धा के माहौल के बीच पारंपरिक अलम जुलूस निकाले गए। या हुसैन और या अब्बास की सदाओं से पूरा शहर गूंज उठा। हाथों में अलम लिए अलमदार कर्बला के शहीदों की याद में आगे बढ़ते रहे, जबकि मर्सिया ख्वानी और सीनाजनी ने माहौल को पूरी तरह गमगीन बना दिया। कई स्थानों पर अजादारों की आंखें नम दिखाई दीं।



मुहर्रम के जुलूस में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

जुलूस मार्गों पर जगह-जगह सबीलों का आयोजन किया गया, जहां अकीदतमंदों और राहगीरों को ठंडा पानी और शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने बढ़-चढ़कर खिदमत में हिस्सा लिया। नगर पालिका द्वारा जुलूस मार्गों और इमामबाड़ों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

शहर के मियां सराय से मुख्य अलम जुलूस का शुभारंभ हुआ। जिसमें हातिम सराय, डूंगर सराय, पंजू सराय और बेगम सराय के अलमदार शामिल हुए। परंपरागत मार्गों से होता हुआ जुलूस चमन सराय इमामबाड़ा पहुंचा, जहां जगत, मंडी किशनदास सराय, नूरियों सराय, सैफ खां सराय, चौधरी सराय और नाला क्षेत्र के विभिन्न छोटे जुलूस मुख्य जुलूस में शामिल हो गए। इसके बाद जुलूस तहसील, सब्जी मंडी और कोट गर्वी होते हुए रेतला मैदान पहुंचा।

उधर, महमूद खां सराय से निकला अलम जुलूस दीपा सराय चौक, ठंडी कोठी चौराहा और तिमरदास सराय से होकर अपने निर्धारित इमामबाड़ों पर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं में कर्बला के शहीदों के प्रति गहरा सम्मान और आस्था देखने को मिली। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते सभी जुलूस शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुए।

# राम मंदिर में चंदा चोरी करने वालों के घरो पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग उठी

## मंगू त्यागी समेत कई लोगों ए कांग्रेस में कई नेताओं का शामिल होना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद**। दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर पैराडाइज होटल में सोमवार को कांग्रेस की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मंगू सिंह त्यागी, अरुण कुमार त्यागी, अक्षय चौधरी, सत्यभान सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह, अनुज सिंह, कमलेश कुमार चौहान, आनंद सिंह चौहान, हुकुम सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह चौहान सहित कई लोगों ने जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। मानसरोवर पैराडाइस होटल में आयोजित इस बैठक में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े चंदा मामले में कथित अनियमितताओं में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

साथ ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग भी की गई। बैठक में मौजूद नेताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

इस कार्यक्रम में सभी नव-शामिल सदस्यों का स्वागत किया गया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अनूप दुबे, मोहम्मद अब्बास एडवोकेट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कोचिंग सेंटरों पर अग्निशमन विभाग की सख्ती

**मुरादाबाद**। लखनऊ में हाल ही में कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद प्रदेशभर में सुरक्षा मानकों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में मुरादाबाद में मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडे के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस कार्रवाई से कोचिंग संचालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान टीम ने कई नामचीन कोचिंग सेंटरों की जांच की। जांच में एक प्रमुख संस्थान में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जहां बिना अग्निशमन विभाग की अनिवार्य एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के ही संचालन किया जा रहा था। इसके अलावा वहां अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कमी और आपातकालीन निकास व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडे ने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि कोचिंग संस्थानों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी से गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्थान को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं और विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## सार संक्षेप

### सड़क हादसे में एक बाइक सवार घायल



घायल।

**हसनपुर**। ससुराल से घर आते समय बाइक सवार युवक की दूसरी बाइक से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया, घायल युवक को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया जहां घायल का उपचार चल रहा है। वहीं घायल के भाई ने कोतवाली में पहुंचकर दूसरे बाइक सवार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना आदमपुर के गांव भूवरा निवासी महेंद्र पुत्र खचेडू सोमवार को अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा रुखालू आया सोमवार को बाइक से आया था, देर रात वह बाइक से अपने घर को वापिस लौट रहा था। तभी सामने से दूसरा बाइक सवार अनियंत्रित व तेज गति वह लापरवाही से चला रहा था और विपरीत दिशा में आकर उसने महेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे महेंद्र की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और वह घायल हो गया घायल को शाहपुर कला स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल का भाई किशनपाल मंगलवार को कोतवाली पहुंचा और आरोपी बाइक सवार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



अधिवक्ता प्रदर्शन करते हुए। –जागरण मोर्चा

### बार एसोसिएशन ने रजिस्ट्री कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**हसनपुर**। तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को नगर के मेन बाजार स्थित उप निबंधन कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर ऑनलाइन रजिस्ट्री योजना के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं की मांगों के समर्थन में उप निबंधन कार्यालय में कोई रजिस्ट्री कार्य नहीं किया गया और न ही कोई मुआयना सम्पन्न हुआ।बार पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदर्शन के दौरान बृजेश कुमार गुप्ता, शशांक, संजीव कुमार, देशराज सिंह, अमित शर्मा, नईम अहमद, पवन कुमार, इसरार खान, उदल सिंह, कृपाल सिंह, देवेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत, तीरथ सिंह, नितिन कुमार, सलीम चौधरी, नंदराम सागर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



जिला सैनी समाज के जिला अध्यक्ष का स्वागत करते हुए। –जागरण मोर्चा

### जिला सैनी सभा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का स्वागत

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव करनपुर माफी स्थित किसान नेता देवेंद्र सैनी के आवास पर जिला सैनी सभा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मंगतराम सैनी के प्रथम बार आगमन पर सैनी समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद सैनी समाज की एक बैठक का आयोजन भी हुआ बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मंगत राम सैनी ने कहा कि मेरा एकमात्र उपदेश समाज को एकजुट करना है और भविष्य में सैनी समाज के बच्चों को शत प्रतिशत शिक्षित कर समाज को बेरोजगारी को दूर करना है। जिस समाज का युवा शिक्षित होगा वह समाज हर समय तरक्की करता है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि आने वाली 26 जुलाई को सैनी समाज के जिन बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। स्वागत करने वालों में देवेंद्र सैनी, भारत सिंह सैनी, भगवान दास सैनी, भूपेंद्र सैनी, संजय सैनी, शोनाथ सिंह सैनी, कैलाश सैनी, कमलेश सैनी, अग्रसेन आर्य, अर्जुन सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### रामपुरः मजदूरी के दौरान भीषण गर्मी से 45 वर्षीय अधेड़ की मौत, पानी पीने के तुरंत बाद तोड़ा दम

**सैदनगर**। अजीमनगर थाना क्षेत्र निवासी भूड का मझरा निवासी जाकिर की मजदूरी करते समय मौत हो गई भीषण गर्मी के कारण मजदूरी कर रहे एक 45 वर्षीय अधेड़ की अचानक मौत हो गई। मौत से पहले उसने सिर्फ पानी पीने की इच्छा जताई थी, लेकिन पानी पीते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार, अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भूड का मझरा निवासी अमीर उर्फ नन्हें (45 वर्ष), रोजी-रोटी कमाने के लिए रामपुर शहर आया हुआ था। वह यहाँ एक राजमिस्त्री के साथ निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। दोपहर के समय जब धूप और उमस बेहद बढ़ गई, तो अचानक नन्हें की तबीयत बिगड़ने लगी। नन्हें की हालत बिगड़ती देख कार्यस्थल के मालिक ने उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की बात कही। इस पर नन्हें ने मना करते हुए कहा, "मुझे बस पानी पिला दो, मैं ठीक हूँ लेकिन जैसे ही उसने पानी पिया, वह अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर गया। साथी मजदूरों और मिस्त्री ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस दुखद घटना की खबर जैसे ही भूड का मझरा गाँव पहुँची, मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गरीब परिवार के लिए मुआवजे की गुहार लगाई है।

### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सम्पन्न

**मुरादाबाद**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक (आंतरिक) निरीक्षण विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा वेयरहाउस में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपैट (वीवीपैट) मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा वेयरहाउस परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती संगीता गौतम को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखा जाए तथा पुरानी पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं आवश्यक अभिलेखीय कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।



# भाकियू भानू ने बैठक कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा

जागरण मोचा कायालय

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक में वक्ताओं द्वारा चीनी मिल में हुए गन्ना पर्ची घोटाले की पुनः निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री एवं विशेष सचिव गन्ना एवं चीनी विभाग के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सोपा गया।

मंगलवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित कृषि विभाग के कार्यालय प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन भानू की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान नेताओं द्वारा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण हेतु विचार में अधिकारियों से वार्ता की गई। बैठक के बाद सभी किसानों ने मुख्यमंत्री एवं विशेष सचिव गन्ना एव चीनी विभाग के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार नेहा सागर को सोपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की पूर्व में चीनी मिल काला खेड़ा पेराई सत्र 2025-26 के दौरान फर्जी गन्ना पर्ची जारी की गई थी, जिससे करोड़ों रुपए के घोटाले एवं अभिलेखों में हेर फेर सहित अन्य अनियमितओ के संबंध में शिकायत की गई थी। लेकिन जांच के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की गहन जांच नहीं हो पाई, क्षेत्र के किसानों की मांग है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय टीम के माध्यम से जांच कराई जाए।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष चमन सिंह, राजीव चौहान, बाके सिंह, राहुल कुमार, रविंदर, चरन सिंह, देवेंद्र, राजीव, स्नेह लता आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय कायाकल्प की समीक्षा में सख्त दिखे डीएम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन योजना, पीएम श्री विद्यालयों में लंबित कार्यों तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के तहत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने तथा पीएम श्री विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को 23 जून को संबंधित बीडीओ और एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर विद्यालय कायाकल्प के अंतर्गत शेष गैप की सूची



बैठक लेते जिलाधिकारी।

तैयार कर हार्ड कॉपी उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही इसकी साप्ताहिक समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शेष कार्यों की सूची तीन कार्यदिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग एवं विशेष रूप से श्रवण बाधित छात्रों के लिए शासनादेश के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रस्ताव भेजने को भी कहा गया।

मध्यान्ह भोजन योजना के तहत तिथि भोज योजना के प्रभावी संचालन के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने और उसकी कार्यवाही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र के विद्यालयों में एनजीओ के माध्यम से संचालित सेंट्रल किचेन व्यवस्था के संबंध में विद्यालयवार दूरी का विवरण भी मांगा गया। पीएम श्री विद्यालयों में लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन कार्यों को रायफल क्लब अथवा ग्राम एवं नगर निधि से वित्तपोषित किया गया है, उनमें संतृप्तिकरण नहीं होने के कारणों की जांच की जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारियों के साथ कार्ययोजना बनाकर आगामी 15 कार्यदिवस के भीतर सभी शेष गैप को पूरा कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# स्कॉलर्स डेन में विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा को प्राथमिकता

- फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। महानगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्कॉलर्स डेन में विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आग जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। स्कॉलर्स डेन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फायर सेफ्टी विशेषज्ञों द्वारा आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर मॉक ड्रिल कराई गई। इसमें सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और स्टाफ को बताया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय किस प्रकार व्यवस्थित तरीके से छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सकता है। साथ ही आपातकालीन संचार व्यवस्था और प्राथमिक प्रतिक्रिया प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

संस्थान प्रबंधन ने स्कूल में उपलब्ध आधुनिक अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि परिसर में एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम, स्मोक और हीट डिटेक्टर, आपातकालीन निकासी मार्ग, प्रकाशित एग्जिट संकेतक, अग्निशामक यंत्र और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम जैसी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। इसके अलावा विद्युत सुरक्षा उपाय, प्रशिक्षित स्टाफ, प्राथमिक उपचार सुविधा, नियमित फायर ड्रिल, यूपीएस और जनरेटर बैकअप जैसी व्यवस्थाएं भी संस्थान में उपलब्ध हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

हाल ही में लखनऊ में हुई दुखद अग्निकांड की घटना के बाद बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में बढ़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने स्पष्ट किया कि स्कॉलर्स डेन में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। संस्थान ने भविष्य में भी नियमित रूप से फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल, सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि विद्यार्थियों और कर्मचारियों को हर प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखा जा सके।

# भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं, महारास की कथा सुन झूम उठे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास आचार्य पंडित शिवशंकर भारद्वाज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और आध्यात्मिक प्रसंगों का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया, जिसे सुनकर पांडाल में उपस्थित भक्त भावविभोर हो गए।

कथा की शुरुआत करते हुए आचार्य जी ने राजा अम्बरीष के एकादशी व्रत की कथा सुनाई। उन्होंने संत और भगवंत (ईश्वर) के बीच के अटूट संबंध के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान हमेशा अपने सच्चे भक्तों के अधीन रहते हैं। इसके बाद उन्होंने



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास शिवशंकर भारद्वाज।

पूतना उद्धार के प्रसंग पर प्रकाश डाला और बताया कि क्रूर भाव से आई पूतना को भी प्रभु ने उसकी दुर्भावना को भुलाकर माता की गति (मोक्ष) प्रदान की, जो उनकी परम दयालुता को दर्शाता है। कथा व्यास ने प्रभु की दिव्य बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि गोपियां भगवान को माखन का लालच देकर अपने इशारों पर नचाती थीं, जो भक्त और भगवान के निश्छल प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रभु ने कुबेर के पुत्रों—नलकूबर और मणिग्रीव का उद्धार कर उन्हें शापमुक्त किया। काली दह लीला का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य भारद्वाज ने आज के परिवेश से जोड़ते हुए एक बड़ा संदेश दिया। इस दौरान विनय अग्रवाल, मयंक, अनिल, ओमप्रकाश, गोपी, पिंटू, रमेश, सुधीर, रानी, हिमानी, गौरी, डोली, ममता, दिलीप भगत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर विवाद, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर मंगलवार को मुस्लिम समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। सामाजिक और धार्मिक प्रतिनिधियों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंपकर संबंधित पोस्ट के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर साझा की गई सामग्री से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी आपत्तिजनक सामग्रियों के प्रसार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर ऐसी विवादित टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए समय रहते कार्रवाई जरूरी है। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।ज्ञापन सौंपने वालों में मौलाना अब्दुल करीम, एडवोकेट मुजाहिद हुसैन, निजाम नसतर, बिलाल कुरेशी, मोहम्मद अफजल, एडवोकेट आफताब, यूनुस इदरीसी, जीशान मंसूरी, यूसुफ अब्बासी, आरिफ खान, मोहम्मद रफी, कारी हारून, मोहम्मद अनस और मेहताब शेख।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मुस्लिम समाज। –जागरण मोर्चा

एकादशी

जर्ला एकादशी का व्रत गुरुवार, 25 जून 2026 को रखा जाएगा

# निर्जला एकादशी पर बन रहा महासंयोग: आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। सनातन धर्म में एकादशी का विशेष महत्व है, जिसमें ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। महाभारत काल में पांडवों में भीम ने भी इसी व्रत का पालन किया था। इसलिए यह सब भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं जो भी व्यक्ति यदि पूरे बर्ष एकादशी नहीं रहता और इस एकादशी पर यदि निर्जल व्रत करता है। तो उसे 26 एकादशी का फल प्राप्त होता है ऐसा हमारे शास्त्रों में बताया गया है। इस बार निर्जला एकादशी 25 जून को मनाई जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने कहा कि यह एकादशी भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने और सभी एकादशियों के



आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा।

समान पुण्य फल देने वाली मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक व्रत, पूजा-पाठ, दान और भगवान विष्णु के नाम का स्मरण करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस बार यह पर्व और भी खास रहने वाला है, क्योंकि इस दिन कई शुभ योगों का महासंयोग बन रहा है।

ज्योतिषीय दृष्टि से यह संयोग पूजा-अर्चना, मंत्र जाप, दान-पुण्य और आध्यात्मिक साधना के लिए अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। आचार्य ऋतुपर्ण ने आगे बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 24 जून 2026 को रात्रि 8:09 बजे शुरू होगी और 25 जून 2026 को रात्रि 9:14 बजे समाप्त होगी।

हिंदू धर्म में किसी भी व्रत और पर्व का निर्धारण उदया तिथि के आधार पर किया जाता है। चूंकि एकादशी तिथि 25 जून की सुबह सूर्योदय के समय विद्यमान रहेगी, इसलिए निर्जला एकादशी का व्रत गुरुवार, 25 जून 2026 को रखा जाएगा। इस बार ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास मानी जा रही है। इस दिन रवि योग, शिव योग, सिद्ध योग और गुरुवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:05 बजे से 4:45 बजे तक रहेगा। यह समय ध्यान, जप, तप और भगवान के स्मरण के लिए सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:56 बजे से दोपहर 12:52 बजे तक रहेगा, जो पूजा, संकल्प और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पूरे दिन रवि योग की उपस्थिति इस तिथि की आध्यात्मिक महत्ता को और बढ़ा देगी।श्रद्धालु 26 जून 2026 को पारण करेंगे। व्रत खोलने का शुभ समय सुबह 5:25 बजे से 8:13 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पारण निर्धारित समय के भीतर ही करना चाहिए, तभी व्रत का पूर्ण फल प्राप्त होता है। इसलिए व्रतधारियों को पारण मुहूर्त का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# फ्लाईओवर मरम्मत के चलते बदायूं में एक माह तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के संतोख सिंह तिराहा से भामाशाह चौक (पुलिस लाइन) के बीच स्थित रेलवे फ्लाईओवर पर एक्सपेंशन ज्वाइंट्स की मरम्मत के चलते यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। यह कार्य 22 जून 2026 से शुरू होकर लगभग एक माह तक चलेगा, जिसके दौरान इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं ने स्वयं मौके पर पहुंचकर संतोख सिंह तिराहा, भामाशाह चौक और नेकपुर अंडरपास क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को डायवर्जन व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने और आमजन को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए। शहर क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर बिल्सी मोड़, केशव चौकी (मंडी चौकी) और दातागंज तिराहा पर रोक लगाई गई है। अलापुर/ककराला की ओर से आने वाले भारी वाहन केशव चौकी से मझिया मोड़, दातागंज तिराहा होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। पुलिस लाइन चौराहा, जेल तिराहा और इन्द्रा चौक पर हल्के वाहनों का डायवर्जन लागू किया गया है।



यातायात व्यवस्था को चेक करती है एसएसपी अंकिता शर्मा। –जागरण मोर्चा

### प्रमुख वैकल्पिक मार्ग इस प्रकार हैं:

बिल्सी मोड़ से अलापुर/ककराला जाने वाले वाहन लालपुल तिराहा, महाराणा प्रताप चौक, जेल तिराहा, पुलिस ऑफिस अंडरपास, डीएम चौराहा और केशव मंडी चौकी होकर जाएंगे।
पुलिस लाइन चौराहे से केशव मंडी चौकी जाने वाले वाहन फ्लाईओवर के साइड मार्ग, रेलवे अंडरपास, संतोख सिंह तिराहा और डीएम चौराहा से होकर गुजरेंगे।
इन्द्रा चौक से आने वाले वाहन रेलवे स्टेशन रोड, अंडरपास, संतोख सिंह तिराहा होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।

### डायवर्जन प्वाइंट:

बिल्सी मोड़, दातागंज तिराहा, पुलिस लाइन चौराहा, जेल तिराहा, संतोख सिंह तिराहा और मंडी चौकी चौराहा पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा।
यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## सार संक्षेप

### गंगा दशहरा को लेकर डीएम व एसएसपी ने कछला घाट पर लिया तैयारियों का जायजा



कछला गंगा घाट पर निरीक्षण करते हैं डीएम व एसएसपी। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** आगामी गंगा दशहरा/ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व के मद्देनजर मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने थाना उझानी क्षेत्र के कछला बॉर्डर और कछला गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग हेतु चिन्हित स्थानों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि स्नान के दौरान किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम और एसएसपी ने निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु रहे, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तथा सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसडीएम सदर मोहित कुमार, उपनगर आयुक्त विनय मणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील अहलावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्राम पेंपल में गंदगी का अंबार, फिर बढ़ा बीमारी का खतरा

**बगरैन।** विकासखंड वजीरगंज के ग्राम पेंपल में एक बार फिर गंदगी और जलभराव की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। गांव के स्कूल परिसर और देव स्थान के आसपास कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जबकि कई स्थानों पर लंबे समय से पानी भरा हुआ है। इससे मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और ग्रामीणों में बीमारियों को लेकर भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पहले भी सफाई व्यवस्था ठप रहने के कारण पूरे गांव में डेंगू का प्रकोप फैल गया था। उस दौरान कई लोग डेंगू की चपेट में आए थे और कुछ लोगों की मौत भी हो गई थी। इसके बावजूद स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं किया गया। अब फिर वही हालात बनते नजर आ रहे हैं, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है। गांव वालों ने आरोप लगाया है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान नन्ने लाल मौर्य से शिकायत की गई, लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित सफाई, नालियों की सफाई और जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या बार-बार उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गांव में सफाई अभियान चलाकर गंदगी हटाई जाए और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि संभावित बीमारी के खतरे को टाला जा सके। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई की मांग उठाई गई है।

# फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरों का आतंक, फिर तीन घरों को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

## एक ही रात में तीन घरों और मंदिर में चोरी, पुलिस ने शुरू किया सघन अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर, औरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम गंगोली में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों और एक मंदिर को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोरों ने मकानों की दीवारों में सेंध लगाकर नकदी, मोबाइल फोन तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए, जबकि गांव के देवस्थान मंदिर का दानपात्र तोड़कर उसमें रखी नकदी भी निकाल ले गए। मंगलवार सुबह घटनाओं की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार गांव के पूर्व प्रधान विनोद पुत्र बहादुर के मकान में चोरों ने पक्की दीवार में सेंध लगाकर प्रवेश किया। परिजनों के मुताबिक बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर एक मोबाइल फोन, चांदी की लार, सोने के कुंडल तथा करीब 16 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी होने पर उनके होश उड़ गए। इसी रात गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र रामसिंह दिवाकर के घर भी चोरी की घटना हुई। इसी दौरान चोरों ने दीवार काटकर घर में प्रवेश किया और दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने के कुंडल तथा दो हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला और चोरी की जानकारी हुई।

वहीं तीसरी घटना गांव निवासी गोपी पुत्र गंगाराम के बंद पड़े मकान में हुई। गोपी अपने परिवार के साथ बाहर रहते हैं। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने वहां भी सेंधमारी की। गांव के देवस्थान मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी निकाल ली गई। एक ही रात में चार स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत किए जाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में जानकारी जुटाई।

थानाध्यक्ष फैजगंज बेहटा ने बताया कि गंगोली गांव में हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है। पीड़ितों की तहरीरों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटनाओं के शीघ्र खुलासे के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों और संदिग्ध तत्वों का सत्यापन कराया जा रहा है। रात्रि गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। चोरी की वारदातों में शामिल आरोपितों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के पास कई महत्वपूर्ण सुराग हैं और जल्द ही घटना का सफल अनावरण कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आरोप : बिल जमा होने के बाद भी बिजली लाइन काटी, दो महीने से अंधेरे में किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



पीड़ित किसान। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जनपद के दूरस्थ क्षेत्र रामगंगा कटरी में बसे गांव नवादा बदन के किसान अरविंद सिंह ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान का कहना है कि नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने के बावजूद उसकी बिजली लाइन काट दी गई, जिसके चलते वह पिछले दो महीनों से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है।

जानकारी के अनुसार, गांव नवादा बदन को शाहजहांपुर जनपद के जैतीपुर फीडर से बिजली आपूर्ति की जाती है। क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी संवेदनशील है और बाढ़ के समय यह गांव टापू में तब्दील हो जाता है, जिससे यहां के ग्रामीणों को पहले से ही कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बिजली आपूर्ति बाधित होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

पीड़ित किसान का आरोप है कि उसने समय से अपना बिजली बिल जमा किया था, इसके बावजूद विभागीय कर्मचारियों ने उसकी लाइन काट दी। जब उसने इस संबंध में शिकायत की, तो उससे लाइन जोड़ने के नाम पर पैसे की मांग की गई। किसान का कहना है कि जब उसने पैसे देने से इंकार किया, तो उसकी बिजली बहाल नहीं की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे गांव की है। वर्षों से नवादा बदन के लोग बिजली व्यवस्था को लेकर परेशान हैं। न तो बदायूं का विद्युत विभाग उनकी सुनवाई करता है और न ही शाहजहांपुर का विभाग जिम्मेदारी लेने को तैयार है। दोनों जिलों के बीच फंसे इस गांव के लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी अवनीश राय से गुहार लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उसने जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने की भी अपील की है।

# नाला सफाई के नाम पर लाखों का गबन, बिना बरसात ही तालाब बनी सड़कें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** विकासखंड वजीरगंज के ग्राम बगरैन में नाला सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद हालात बदतर बने हुए हैं। गांव की मुख्य सड़कों पर बिना बरसात ही जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर लापरवाही और अनदेखी का आरोप लगाया है।



सड़क पर भरे हुए पानी से निकलते लोग। –जागरण मोर्चा

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नालों और नालियों की नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। जगह-जगह कूड़ा और गंदगी जमा होने से नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। स्थिति यह है कि थोड़ी सी पानी की निकासी भी नहीं हो पाती और सड़कें तालाब जैसी नजर आती हैं। गांव के लोगों ने बताया कि नाला सफाई के नाम पर हर साल बजट आता है, लेकिन धरातल पर कोई काम दिखाई नहीं देता। आरोप है कि कागजों में सफाई दिखाकर धन का गबन किया जा रहा है। कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस लापरवाही का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। गांव स्थित शिशु मंदिर स्कूल जाने वाले बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी खतरा बना रहता है। वहीं बुजुर्गों और महिलाओं को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए और नाला सफाई के नाम पर हुए खर्च की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में जलनिकासी व्यवस्था सुचारु हो सके और लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

# शहर की तरह रात में जगमग होता है करेगी गांव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** विकासखंड वजीरगंज की ग्राम पंचायत करेगी आज क्षेत्र में विकास की मिसाल बनकर उभर रही है। यहां के ग्राम प्रधान रितेश चौहान ने गांव को शहर जैसी सुविधाएं देने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि गांव की हर गली रात के समय रोशनी से जगमगाती नजर आती है, जिससे ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव भी बढ़ा है।

ग्राम पंचायत करेगी में प्रधान रितेश चौहान के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से कराए गए हैं। गांव की हर गली में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे रात में भी पूरा गांव रोशन रहता है। बिजली कटौती की स्थिति को देखते हुए प्रधान द्वारा सौर ऊर्जा और इनवर्टर की भी व्यवस्था कराई गई है, जिससे अंधेरा होने की समस्या लगभग खत्म हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी गांव में प्रधान रहे, लेकिन इस तरह की व्यवस्था कभी देखने को नहीं मिली। अब रात में गांव का नजारा किसी शहर से कम नहीं लगता। रोशनी के कारण चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका भी कम हो गई है, जिससे लोग खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

प्रधान रितेश चौहान, जो भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष भी हैं, ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई है। गांव में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, सड़क और बिजली व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामवासियों ने बताया कि प्रधान द्वारा किए गए कार्यों से पूरे गांव में

# दातागंज क्षेत्र की गरीब जनता के मसीहा बने भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद जनता के बीच भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक एक भरोसेमंद नाम बन चुके हैं। उनकी दरियादिली और सेवा भाव के चलते लोग उन्हें मसीहा के रूप में देखने लगे हैं। कोरोना काल से शुरू हुई उनकी जनसेवा की पहल आज भी लगातार जारी है, जिससे हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

कोरोना महामारी के कठिन दौर में जब लोग घरों में कैद थे और रोज़गार के साधन ठप हो गए थे, तब डॉ. शैलेश पाठक ने आगे आकर जरूरतमंदों की मदद की। उन्होंने अपने निजी खर्च से राशन, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुएं लोगों तक पहुंचाईं। यही नहीं, इसके बाद भी उन्होंने अपनी सेवा को नहीं रोका और लगातार गरीबों, असहायों व पीड़ितों की सहायता करते रहे।



क्षेत्र की जनता के बीच उनकी समस्या सुनकर हल करते हुए डॉक्टर शैलेश पाठक।

बताया जाता है कि पिछले पांच वर्षों में डॉ. पाठक ने करोड़ों रुपये अपनी जेब से खर्च कर क्षेत्र के लोगों की मदद की है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जरूरतों के लिए उन्होंने कई लोगों को आर्थिक सहयोग दिया। जरूरतमंद मरीजों के इलाज से लेकर गरीब परिवारों की बेटियों की शादी तक में उन्होंने बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। हाल ही में आई बाढ़ के दौरान भी डॉ. शैलेश पाठक ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। करीब दो माह तक उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर राशन वितरित कराया, जिससे सैकड़ों परिवारों को राहत मिली। इस दौरान उनकी टीम भी लगातार सक्रिय रही और हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया गया।

क्षेत्रीय जनता का कहना है कि डॉ. शैलेश पाठक हर मुश्किल घड़ी में सबसे पहले खड़े दिखाई देते हैं। चाहे किसी गरीब की बीमारी हो, दुर्घटना हो या प्राकृतिक आपदा, वह बिना किसी भेदभाव के मदद के लिए आगे आते हैं।

### दीवार काटकर घर में घुसे चोर, लाखों के जेवर व नगदी लेकर फरार

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव जखौलिया निवासी भजनलाल के घर में देर रात अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार काटकर प्रवेश किया। घर के सभी सदस्य उस समय सो रहे थे, जिसका फायदा उठाकर ने सोने-चांदी के जेवरात जिनमें अंगूठी, कमरबंद, खड़ुआ, मंगलसूत्र और पायल के साथ ही करीब 25 हजार रुपये की नगदी भी चोरी कर ली। सुबह जब परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए और चोरी की घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की और संभावित सुराग जुटाने का प्रयास किया। भजनलाल की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस वारदात से गांव में दहशत का माहौल है और लोगों में कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

अब तक मेरा नाम PARMESHWAR DAYAL SHARMA था अब मैं PARMESHWAR DAYAL नाम से जाना जाऊंगा। अब भविष्य में मुझे PARMESHWAR DAYAL नाम से जाना व पहचाना जाये।

**परमेश्वर दयाल पुत्र श्री ओम निवास, निवासी ग्राम व पो. बरौर अमानुल्लापुर तह. बिसौली जिला बदायूँ उ.प्र. 243726**




**सुविधा** प्रधान ने गांव को चमकाने व विकास करने में झोंकी पूरी ताकत

# शहर की तरह रात में जगमग होता है करेगी गांव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** विकासखंड वजीरगंज की ग्राम पंचायत करेगी आज क्षेत्र में विकास की मिसाल बनकर उभर रही है। यहां के ग्राम प्रधान रितेश चौहान ने गांव को शहर जैसी सुविधाएं देने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि गांव की हर गली रात के समय रोशनी से जगमगाती नजर आती है, जिससे ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव भी बढ़ा है।

ग्राम पंचायत करेगी में प्रधान रितेश चौहान के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से कराए गए हैं। गांव की हर गली में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे रात में भी पूरा गांव रोशन रहता है। बिजली कटौती की स्थिति को देखते हुए प्रधान द्वारा सौर ऊर्जा और इनवर्टर की भी व्यवस्था कराई गई है, जिससे अंधेरा होने की समस्या लगभग खत्म हो गई है।



रात में जगमग होती ग्राम पंचायत करेगी कि सड़कें। –जागरण मोर्चा

ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी गांव में प्रधान रहे, लेकिन इस तरह की व्यवस्था कभी देखने को नहीं मिली। अब रात में गांव का नजारा किसी शहर से कम नहीं लगता। रोशनी के कारण चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका भी कम हो गई है, जिससे लोग खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

प्रधान रितेश चौहान, जो भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष भी हैं, ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई है। गांव में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, सड़क और बिजली व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामवासियों ने बताया कि प्रधान द्वारा किए गए कार्यों से पूरे गांव में संतोष का माहौल है। विकासखंड वजीरगंज क्षेत्र में ग्राम पंचायत करेगी को अब सबसे विकसित गांव के रूप में देखा जा रहा है।

# कादरचौक में तेज रफ्तार एंबुलेंस का कहर: छह वर्षीय बच्ची की कुचलकर मौत, चालक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के कादरचौक चौराहे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बच्ची को कुचल दिया और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना कादरचौक थाना क्षेत्र के पास की बताई जा रही है।



मृतक बच्ची।

मृतक बच्ची की पहचान गोरिया नगला निवासी कोमल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कोमल अपने परिजनों के साथ कादरचौक आई थी। वह जैसे ही टेंपो से उतरी, तभी तेज गति से आ रही एंबुलेंस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। एंबुलेंस का पहिया बच्ची के सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद बच्ची कुछ समय तक तड़पती रही, लेकिन एंबुलेंस चालक उसे अस्पताल ले जाने के बजाय मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर बच्ची को अस्पताल पहुंचाया जाता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।



रोते बिलखते बच्ची के परिजन। –जागरण मोर्चा

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की है।

मामले में क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुनील कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि एंबुलेंस का नंबर पता कर चालक को शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके।

# सम्पादकीय

## युद्धविराम से आगेः क्या विश्व अहिंसा की ओर बढ़ेगा?

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुआ युद्धविराम ऐसे समय में सामने आया है, जब पश्चिम एशिया युद्ध की लपटों में घिरकर वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। कई सप्ताह तक चले संघर्ष ने क्षेत्र को ऐसे ज्वालामुखी में बदल दिया था, जिसकी प्रत्येक विस्फोटक घटना विश्व अर्थव्यवस्था को झकझोर रही थी। तेल बाजारों में भारी उथल-पुथल थी, निवेशकों में घबराहट बढ़ रही थी और वैश्विक मंदी की आशंकाएं गहराने लगी थीं। ऐसे में युद्धविराम ने विश्व को तत्काल राहत तो दी है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनेगा या केवल अगले युद्ध से पहले का एक अस्थायी विराम सिद्ध होगा? इतिहास साक्षी है कि युद्धविराम और शांति समझौते तभी टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जब उनके पीछे केवल सामरिक विवशता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारस्परिक विश्वास और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता भी हो। अन्यथा वे केवल संघर्षों के बीच का अंतराल बनकर रह जाते हैं। पश्चिम एशिया का इतिहास ऐसे असंख्य समझौतों का गवाह है, जो कागजों पर तो बने, लेकिन जमीन पर टिक नहीं सके।

इस युद्ध के परिणामों का विश्लेषण किया जाए तो सबसे बड़ा लाभार्थी ईरान दिखाई देता है। अमेरिका और इजरायल के सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद तेहरान न केवल अपने राजनीतिक ढांचे को बचाने में सफल रहा, बल्कि उसने अपने विरोधियों को वार्ता की मेज पर आने के लिए भी बाध्य किया। ईरान अब अपने नागरिकों के समक्ष यह दावा कर सकता है कि उसने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकतों के सामने घुटने नहीं टेके। ईरानी नेतृत्व इसे प्रतिरोध की जीत के रूप में प्रस्तुत करेगा। दूसरी ओर इस संघर्ष ने अमेरिका की अजेयता की छवि को भी चुनौती दी है। वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान के बाद यह एक और अवसर है, जिसने यह स्पष्ट किया कि केवल सैन्य शक्ति राजनीतिक परिणाम सुनिश्चित नहीं कर सकती। वाशिंगटन ने दबाव बनाया, अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः उसे वार्ता और समझौते का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह संदेश गया है कि इक्कीसवीं सदी की दुनिया अब केवल शक्ति संतुलन से नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और बहुपक्षीय सहयोग से संचालित होगी। इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। किंतु युद्धविराम के बाद ईरान स्वयं को विजेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इससे इजरायल के भीतर यह बहस और तीव्र हो सकती है कि क्या क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं की तुलना में महाशक्तियों ने अपने सामरिक हितों को अधिक महत्व दिया। भारत के लिए यह समझौता विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पश्चिम एशिया पर अत्यधिक निर्भर है। युद्ध की स्थिति में तेल आपूर्ति बाधित होने, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट उत्पन्न होने और कीमतों में वृद्धि की आशंका ने भारत की चिंता बढ़ा दी थी। युद्धविराम से तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, महंगाई नियंत्रित रहेगी और खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी घटेंगी। लेकिन भारत का महत्व केवल एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में नहीं है, वह आज वैश्विक शांति के एक नैतिक प्रवक्ता के रूप में भी उभर रहा है। दरअसल, यह युद्ध एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है-क्या मानव सभ्यता युद्धों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर सकती है? आज महाशक्तियों ने ऐसी विनाशकारी सैन्य क्षमता अर्जित कर ली है कि किसी भी देश की एक छोटी-सी भूल संपूर्ण मानवता को विनाश की ओर धकेल सकती है। परमाणु हथियारों, जैविक अस्त्रों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणालियों के युग में युद्ध अब केवल सीमाओं का प्रश्न नहीं रह गया है, वह समूची मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। यही कारण है कि आज दुनिया को शक्ति की नहीं, शांति की राजनीति की आवश्यकता है। हिंसा, युद्ध, आतंकवाद और शस्त्रीकरण की प्रतिस्पर्धा ने मानवता को भय, अविश्वास और असुरक्षा के गर्त में धकेल दिया है। यदि विश्व को बचाना है, तो उसे निःशस्त्रीकरण, अहिंसा, सह-अस्तित्व और संवाद की दिशा में आगे बढ़ना ही होगा। इस संदर्भ में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाती है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया है। महात्मा गांधी ने कहा था, आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी। आज यह कथन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। भारत की सांस्कृतिक चेतना वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत पर आधारित रही है, जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानती है। यही कारण है कि भारत ने सदैव युद्ध के स्थान पर संवाद और टकराव के स्थान पर सहमति का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विश्व के अनेक मंचों पर स्पष्ट रूप से कहा है कि यह युग युद्ध का नहीं है। संयुक्त राष्ट्र, जी-20, ब्रिक्स तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है।

# लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं दल-बदल का खेल



■ राजकुमार सिंह

दो साल बाद विपक्षी दलों को अपने गठबंधन 'इंडिया' की याद तो आयी, पर उनकी मुश्किलें कम होती नहीं दिख रहीं। 15 साल तक पश्चिम बंगाल पर निष्कंटक राज करने वाली ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई विधायक और सांसद छोड़ कर जा चुके हैं तो उद्धव ठाकरे की शिवसेना में एक और विभाजन की औपचारिकता ही शेष है। 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चाओं के बीच उद्धव ठाकरे द्वारा 18 जून को बुलाई गई बैठक में लोकसभा के नौ में से सिर्फ तीन सांसद ही आए। छह सांसदों ने अलग गुट के रूप में मान्यता के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र भी लिख दिया है तो पार्टी नेतृत्व ने व्हिप का उल्लंघन कर बैठक में अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। संकेत हैं कि निकट भविष्य में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को एक और विभाजन झेलना पड़ सकता है। वैसे पवार की बेटी और राजनीतिक उत्तराधिकारी सुप्रिया सुले के समधी उद्योगपति अरुण लखानी के भाजपाई होने से परिवारिक संबंध भी बनाये जा चुके हैं। 'श्रीमान ईमानदार' अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में भी एक और विभाजन की खबर कभी भी आ सकती है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी में विभाजन की अटकलों को खुद उत्तर प्रदेश सरकार के दो बड़े मंत्रियों ने हवा दे दी है। संभावित बागियों का आंकड़ा भी बताया जा रहा है और नेता भी। कोई नहीं जानता कि छोटे और क्षेत्रीय दलों में विभाजन का यह खेल कब रुकेगा। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह खेल पहली बार नहीं खेला जा रहा। सबसे पुराने दल कांग्रेस में विभाजन का लंबा इतिहास है। वामपंथी दल भी कम नहीं टूटे। समाजवादी-लोकदली धारा के राजनीतिक दल तो जाने ही जुड़ने और टूटने के लिए जाते हैं।

छोटे दलों में विभाजन के इस बड़े खेल का मकसद संसद में परिसीमन विधेयक पारित करवाना बताया जा रहा है। यह विधेयक पिछली बार सरकार के पास दो-तिहाई बहुमत न होने के चलते गिर गया था। इसलिए यह समझना भी मुश्किल नहीं होना चाहिए कि इस खेल का असली खिलाड़ी कौन है। बेशक विभाजन और दलबदल का ऐसा सुनियोजित खेल लोकतंत्र के हित में हरगिज नहीं, लेकिन इसके लिए सिर्फ प्रायोजकों को जिम्मेदार ठहराना भी समस्या का समाधान नहीं। राजनीति की सामान्य समझ रखने वाला भी समझ सकता है कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को लगातार चौथी बार सत्ता का जनादेश मिल गया होता तो वहां सब कुछ सामान्य चल रहा होता। अभिषेक बनर्जी को खलनायक के रूप में पेश करने वाले उनके समक्ष यथावत दंडवत हो रहे होते। कहावत भी है कि सफलता आपकी तमाम खामियों को ढंक देती है, लेकिन याद रखिएः ढंक देती है, दूर नहीं करती। सत्ता का प्रलोभन या भय ऐसे ज्यादातर मामलों में मुख्य कारण होता ही है, लेकिन मूल दल और नेता का आचरण भी बगावत के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करने में अहम् भूमिका निभाता है। अगर ठाकरे परिवार के प्रति निष्ठा की मिसाल मानी जाने वाली शिवसेना टूट सकती है, 'पॉवर पॉलिटिक्स' के बड़े 'प्लेयर' मराठा क्षत्रप शरद पवार की राकांपा टूट सकती है, वाम मोर्चा के 34 साल पुराने शासन को उखाड़ फेंकने के बाद लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रहीं ममता बनर्जी की तृणमूल टूट सकती है तो किसी को भी इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि उसका दल नहीं टूट सकता। किसी दल के सत्तापक्ष या विपक्ष में बैठने का फैसला उस दल का नेतृत्व नहीं, जनता करती है, पर दल कैसे चले और जनता के मुद्दों से जुड़ा रहे-यह तय करना निश्चय ही नेतृत्व का काम है। नवीनतम विभाजन शिवसेना में हुआ है, इसलिए उसीसे बात शुरू करते हैं। बाल ठाकरे द्वारा गठित शिवसेना का 60 वां स्थापना दिवस मनाये जाने से एक दिन पहले ही यह छठवां विभाजन हुआ। किसी भी संगठन में अनुशासन जरूरी है, मगर उसका आतंक बन जाना अच्छा नहीं। बाल ठाकरे के समय शिवसेना नेताओं-कार्यकर्ताओं ही नहीं, आम आदमी के लिए भी आतंक बनी रही। शिवसेना में पहला विभाजन 1974 में ही हो गया था, लेकिन वह ठाकरे के प्रभाव को प्रभावित नहीं कर सका। पहला बड़ा विभाजन 1991 में हुआ, जब मनोहर जोशी को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर ओबीसी नेता छगन भुजबल ने 17 विधायकों के साथ बगावत कर दी। पहले शिवसेना (बी) बनाने वाले भुजबल फिर कांग्रेस में चले गये। तब शरद पवार भी कांग्रेस में हुआ करते थे। शिवसेना में दूसरा बड़ा विभाजन नारायण राणे ने किया।



बाल ठाकरे ने उन्हें मुख्यमंत्री तक बनाया, पर जब उद्धव को आगे बढ़ाया जाने लगा तो 2004 में अलग स्वाभिमान पार्टी बनाते हुए राणे कांग्रेस के रास्ते भाजपा में आ गये। बेटे उद्धव को आगे बढ़ाये जाने से खफा भतीजे राज ठाकरे ने भी 2006 में शिवसेना छोड़ कर महाराष्ट्र नव निर्माणसेना (मनसे) बना ली। मनसे भी कमाल नहीं कर पायी और दशकों बाद पिछले चुनावों में दोनों भाई साथ नजर आये। उद्धव को सबसे बड़ी चोट एकनाथ शिंदे ने पहुंचायी, जिन्होंने जून, 2022 में पार्टी तोड़ते हुए उनसे मुख्यमंत्री की कुर्सी भी छीन ली। वही शिंदे इस नये 'ऑपरेशन टाइगर' के कर्ताधर्ता हैं, पर क्या कभी उद्धव की शिवसेना जनहित के किसी मुद्दे पर सड़क पर संघर्ष करती नहीं दिखी?

बेशक पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा के शासन में विपक्ष की भूमिका निभाते ममता की तृणमूल ही दिखी, पर एक बार सत्ता में आ जाने के बाद व्यवस्था बदलने का वायदा अधूरा ही रहा। दरअसल ममता ने भी वाम मोर्चा के चुनाव जीतने वाले और संगठन के जरिये शासन चलाने वाले हथकंडों को ही अपना लिया। नतीजतन हर तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लगे। बेशक ममता की व्यक्तिगत छवि फिलहाल बेदाग नजर आती है, पर यह कुछ-कुछ वैसा ही है कि ईमानदार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में रिकॉड घोटाले हुए। तमाम वरिष्ठ नेताओं को नजरअंदाज कर ममता ने भतीजे अभिषेक को जिस तरह आगे बढ़ाया और वह निरंकुश हो गये, उससे भी स्थितियां बिगड़ीं। बेशक अखिलेश यादव को पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को जोरदार झटका देने का श्रेय जाता है, लेकिन उनकी कुल जमा राजनीतिक पहचान मुलायम सिंह यादव का पुत्र होना ही है। पिता के जीवनकाल में ही मुख्यमंत्री बन जाने के बावजूद अखिलेश सपा के जनाधार में कुछ जोड़ना तो दूर, उसे संभाल तक नहीं पाये। माना कि यह सोशल मीडिया का दौर है, पर सपा जैसी पार्टी की पूरी राजनीति वहीं तक सिमट जाना उसकी दिशाहीनता भी बताता है।

शरद पवार देश के अनुभवी राजनेताओं में से एक हैं, पर उनकी राजनीति अपनी बेटी सुप्रिया को स्थापित करने तक सिमट गयी है। अजीत पवार उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाते थे, लेकिन सुप्रिया को आगे बढ़ाने से खफा हो कर उन्होंने एक नहीं, दो बार राकांपा तोड़ी। उसके बाद भी दोनों गुटों में विलय की चर्चाएं चलीं। सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस छोड़ी, फिर भी लगातार उसीसे गठबंधन किया। ऐसे में विचारधारा और विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे ही। झारखंड में पर्याप्त वोट होने के बावजूद कांग्रेस राज्यसभा चुनाव में मात खा गयी, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीयत और 'इंडिया' गठबंधन के आंतरिक समीकरणों पर भी सवाल उठेंगे ही। इसलिए अपने आंतरिक बिखराव के लिए मोदी सरकार और भाजपा पर उंगली उठाते हुए विपक्षी दलों को खुद भी आत्मचिंतन अवश्य करना चाहिए।

(लेखक दैनिक ट्रिब्यून के पूर्व संपादक हैं)

# अमेरिका-ईरान समझौताः युद्धविराम से स्थिरता की ओर?



■ मेजर सरस त्रिपाठी

फ्रांस के एवियन-ले-बैं में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका और ईरान के बीच जिस अन्तरिम शान्ति समझौते की घोषणा हुई, उसे 2026 की सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाओं में से एक माना जा रहा है। लगभग 100 दिनों से अधिक समय तक चले संघर्ष, विध्वंश-विनाश, तेलआपूर्ति संकट और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बाद यह समझौता सामने आया है। जी-7 देशों ने भी इस समझौते का स्वागत किया है।

### समझौते की प्रमुख शर्तें

उपलब्ध मसौदे, विश्व के विभिन्न समाचार-पत्रों और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा जारी विवरण के अनुसार समझौते की मुख्य शर्तें निम्न हैं।

❖ अमेरिका और ईरान तत्काल तथा स्थायी युद्धविराम लागू करेंगे तथा एक-दूसरे के विरुद्ध नई सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे।

❖ दोनों देश एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे।

❖ होर्मुज जलडमरूमध्य को पुनः अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों के लिएखोला जाएगा।

❖ ईरान कम-से-कम 60 दिनों तक व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित आवागमनको सुनिश्चित करेगा।

❖ ईरान परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराएगा।

❖ ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी के लिए अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की भूमिका बढ़ाई जाएगी।

❖ अमेरिका चरणबद्ध तरीके से आर्थिक प्रतिबन्धों में ढील देगा।

❖ ईरान की विदेशों में जमी हुई संपत्तियों को क्रमिक रूप सेमुक्त किया जाएगा।

❖ ईरान के तेल निर्यात को फिर से अनुमति दी जाएगी।

❖ युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए एक बड़े वित्तीय पैकेज और पुनर्निर्माण व्यवस्था पर सहमति बनी है।

❖ 60 दिनों के भीतर एक व्यापक और अन्तिम समझौते पर बातचीत जारी रहेगी।



विश्व के लगभग पाँचवें हिस्से का तेल व्यापार होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है। इसके बन्द होने से वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। समझौते से यह मार्ग पुनःखुल गया है। ऊर्जा बाजार में स्थिरता आने से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के साथ-साथभारत सहित अनेक देशों में महंगाई का दबाव कम हो सकता है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि इस समझौते ने वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे को टालने में मदद की है। प्रतिबंधों में, तेल निर्यात की बहाली, ईरान की अर्थव्यवस्था काफी हद तक तेल निर्यात पर निर्भर है। निर्यात पुनः शुरू होने से उसे अरबों डॉलर की आय प्राप्त हो सकती है। ईरान की जमी हुई संपत्तियों तक ईरान की पहुंच हो सकती है जो विदेशों में फंसी ईरानी सम्पत्तियों को चरणबद्ध तरीके से मुक्त किया जा सकता है। शासन की स्थिरता युद्ध समाप्त होने से ईरानी नेतृत्व को घरेलू आर्थिक समस्याओं और पुनर्निर्माण पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। लेकिन ईरान की संभावित हानियां भी है। ईरान को लाभों के साथ कुछ महत्वपूर्ण समझौते भी करने पड़े हैं। जैसे परमाणु कार्यक्रम पर अधिक अन्तर्राष्ट्रीय निगरानी स्वीकार करनी होगी, परमाणु हथियार विकल्प को औपचारिक रूप से त्यागना पड़ सकता है, कट्टरपंथी समूह और कुछ सैन्य गुट इस समझौते को राष्ट्रीय हितों से समझौता मान सकते हैं। इस कारण ईरान में घरेलू अशान्ति की सम्भावना बढ़ सकती है।

इस्राइल पर प्रभाव इस समझौते के कारण सर्वाधिक चिंता इस्राइल को हो रही है। इस्राइल लम्बे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है। हालांकि समझौते में ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने का वादा किया है, फिर भी इस्राइली नेतृत्व को आशंका है कि प्रतिबन्धों में ढील मिलने से ईरान आर्थिक रूप से अधिक मजबूत हो जाएगा और गुप्त रूप से परमाणु कार्यक्रम को जारी रख सकता है। दूसरी ओर, यदि समझौता सफल रहता है तो इस्राइल को प्रत्यक्ष सैन्य टकराव के खतरे में कमी दिखाई दे सकती है। लेकिन यह भी सम्भव है कि इस्राइल भविष्य में अमेरिका पर अधिक कठोर रुख अपनाने का दबाव बनाए रखे। इस्रायल के अतिरिक्त पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध की आशंका कम होगी तो अन्य देशों में विकास कार्य आगे बढ़ सकेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वयं संकेत दिया है कि असफल वार्ता की स्थिति में सैन्य कार्रवाई फिर शुरू हो सकती है। लेकिन इस समझौते का सबसे व्यापक प्रभाव विश्व अर्थव्यवस्था पर होगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समझौते की सबसे बड़ी लाभार्थी हो सकती है। क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता आने से विश्व उत्पादन और व्यापार में अवश्य वृद्धि होगी।

सम्पूर्ण विश्व के लिए समुद्री परिवहन लागत कम होगी जो विकास को गति देगी। ऊर्जा आयात तक देशों, विशेषकर भारत, जापान और यूरोपीय देशों को राहत मिल सकती है। वैश्विक शेयर बाजारों में निवेशकों का विश्वास बढ़ सकता है। भारत जैसे देशों के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि उनकी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। संक्षेप में कह सकते हैं कि जी-7 सम्मेलन के दौरान हुआ अमेरिका-ईरान समझौता पूर्ण शान्ति सन्धि नहीं बल्कि युद्धविराम और आगे की वार्ताओं का ढांचा है। इसके माध्यम से अमेरिका को परमाणु नियन्त्रण और ऊर्जा स्थिरता का लाभ मिल सकता है, जबकि ईरान को आर्थिक राहत और अन्तर्राष्ट्रीय अलगाव से बाहर निकलने का अवसर प्राप्त हो सकता है। हालांकि इस्राइल की चिंताएं, समझौते की अस्थायी प्रकृति और दोनों पक्षों के बीच गहरे अविश्वास को देखते हुए इसकी सफलता अभी सुनिश्चित नहीं कही जा सकती। फिर भी यह समझौता पश्चिम एशिया में युद्ध की आग को सीमित करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि माना जा सकता है।

**(लेखक सेवानिवृत सैन्य अधिकारी हैं।)**

# यूसीसी : महिलाओं के अधिकार और राष्ट्रीय एकता का आधार



■ शीराज कुरैशी

भारत विविधताओं का देश है, जहाँ विभिन्न धर्म, भाषाएँ और संस्कृतियाँ सदियों से साथ-साथ विकसित हुई हैं। इस विविधता के बीच भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और गरिमा का अधिकार प्रदान करता है। संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का नीति-निर्देशक सिद्धांत दिया गया है। आज जब मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में यूसीसी पर गंभीर चर्चा हो रही है, तब आवश्यक है कि इसे राजनीतिक या धार्मिक विवाद के बजाय संवैधानिक और सामाजिक दृष्टि से समझा जाए।

एक अधिवक्ता और सामाजिक शोधकर्ता के रूप में देश के अनेक राज्यों में मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों, उलेमाओं, महिलाओं, शिक्षकों और युवाओं से संवाद का अवसर मिला। इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि यूसीसी को लेकर समाज में सबसे बड़ी समस्या जानकारी के अभाव और भ्रम की है। अधिकांश लोगों का मानना था कि यदि यह कानून केवल नागरिक अधिकारों तक सीमित रहे और धार्मिक आस्था तथा पूजा-पद्धति में हस्तक्षेप न करे, तो उस पर सकारात्मक चर्चा हो सकती है। विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं ने इसे अपने अधिकारों और सम्मान से जोड़कर देखा।

भारत में विवाह, तलाक, भरण-पोषण, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे विषय अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों से संचालित होते हैं। इसका प्रभाव सबसे अधिक महिलाओं पर पड़ता है। कई बार उन्हें न्याय पाने के लिए लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य किसी धर्म विशेष को लक्ष्य बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक महिला को, चाहे वह किसी भी धर्म की हो, समान कानूनी अधिकार प्राप्त हों। संविधान की भावना भी यही है कि कानून के समक्ष सभी नागरिक समान हैं।

इस्लाम के मूल सिद्धांत भी न्याय, समानता और करुणा पर आधारित हैं। पवित्र कुरान में कहा गया है– 'निस्संदेह अल्लाह न्याय, भलाई और रिश्तेदारों को देने का आदेश देता है।' (सूरह अन-नहल 16:90)। एक अन्य आयत में महिलाओं के अधिकारों को स्वीकार करते हुए कहा गया है– 'और औरतों के लिए भी वैसे ही अधिकार हैं जैसे पुरुषों के लिए हैं, अच्छे तरीके के साथ।' (सूरह अल-बकरा 2:228)। हजरत मोहम्मद ? ने भी कहा है, 'तुममें सबसे अच्छा वह है जो अपनी स्त्रियों के साथ सबसे अच्छा व्यवहार करे।' इन शिक्षाओं का मूल संदेश यही है कि महिलाओं के साथ न्याय और सम्मानपूर्ण व्यवहार किया जाए।

हाल के वर्षों में तीन तलाक पर हुए कानूनी सुधार इसका उदाहरण हैं। प्रारंभ में इसका विरोध हुआ, लेकिन बाद में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने इसे अपने अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना। यह अनुभव बताता है कि सामाजिक सुधारों को धार्मिक संघर्ष के बजाय न्याय और समानता के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

मध्य प्रदेश जैसे बड़े और विविधतापूर्ण राज्य में यूसीसी पर विचार विशेष महत्व रखता है। विवाह पंजीकरण, संपत्ति विवाद, भरण-पोषण और पारिवारिक मामलों में अलग-अलग कानूनी व्यवस्थाएँ कई बार भ्रम और अनावश्यक विलंब का कारण बनती हैं। यदि एक समान नागरिक व्यवस्था विकसित होती है तो विवाह का पंजीकरण अनिवार्य होगा, महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे, बाल विवाह और बहुविवाह जैसी सामाजिक समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा तथा न्यायिक प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी बनेगी।

देशभर के संवादों में यह भी अनुभव हुआ कि सामान्य मुस्लिम समाज सुधार का विरोधी नहीं है। अनेक उलेमाओं ने स्वीकार किया कि सामाजिक बदलाव समय की आवश्यकता है, बशर्ते धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित रहे। युवाओं की सोच भी स्पष्ट रूप से आधुनिक और संवैधानिक मूल्यों के पक्ष में दिखाई दी। वे ऐसे भारत की कल्पना करते हैं जहाँ नागरिक अधिकार धर्म के आधार पर अलग-अलग न हों।

यूसीसी को लेकर सबसे बड़ा भ्रम यह है कि इससे धार्मिक पहचान समाप्त हो जाएगी। जबकि वास्तविकता यह है कि समान नागरिक संहिता पूजा-पद्धति, नमाज़, रोज़ा, हज, धार्मिक संस्कार या अन्य आस्थाओं में कोई हस्तक्षेप नहीं करती। इसका संबंध केवल नागरिक विषयों–विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण–से है। इसलिए इसे धार्मिक स्वतंत्रता के विरोध में नहीं, बल्कि समान नागरिक अधिकारों की व्यवस्था के रूप में देखा जाना चाहिए। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का भी मत था कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय एकता और समान नागरिकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। जब संविधान, न्यायपालिका और नागरिकता सभी के लिए समान हैं, तब नागरिक कानूनों में समानता पर विचार स्वाभाविक है। दुनिया के अनेक मुस्लिम-बहुल देशों–जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, मिस्र, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात–ने भी समय के साथ पारिवारिक कानूनों में सुधार कर महिलाओं के अधिकारों को मजबूत किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सामाजिक सुधार किसी धर्म के विरोध का नहीं, बल्कि समाज के विकास का विषय है।

**(लेखक अधिवक्ता हैं।)**

## सऊदी ने पाक से बढ़ाए रक्षा संबंध तो जवाब में यूएई भारत से करेगा बड़ी डिफेन्स डील

पश्चिम एशिया की बदलती शक्ति राजनीति के बीच भारत के लिए एक जबरदस्त रणनीतिक अवसर उभरता दिखाई दे रहा है। संयुक्त अरब अमीरात अब भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली खरीदने पर गंभीर बातचीत कर रहा है। यह खाड़ी क्षेत्र की बदलती सामरिक दिशा का खुला संकेत है। देखा जाये तो यह वही क्षेत्र है जहां पाकिस्तान दशकों तक इस्लामी सैन्य एकजुटता के नाम पर अपना प्रभाव जमाने की कोशिश करता रहा, लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच चल रही यह बातचीत उस समय सामने आई है जब सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देशों के बीच ऐसे समझौते हुए हैं जिनमें सुरक्षा सहयोग और सैन्य प्रतिक्रिया का पहलू भी शामिल है। ऐसे में सऊदी अरब के पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात का भारत की सबसे घातक और चर्चित मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाना केवल व्यापारिक फैसला नहीं माना जा सकता। इसके पीछे पश्चिम एशिया की गहरी शक्ति प्रतिस्पर्धा और पाकिस्तान को लेकर बदलती सोच साफ दिखाई देती है। हम आपको बता दें कि ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज परिचालन सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल मानी जाती है। इसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों माध्यमों से दागा जा सकता है। भारत और रूस ने मिलकर इसे विकसित किया है। फिलीपींस, वियतनाम और इंडोनेशिया के बाद यदि संयुक्त अरब अमीरात इसे खरीदता है तो यह भारत के रक्षा निर्यात इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल होगा। इससे भारत केवल हथियार बेचने वाला देश नहीं बल्कि वैश्विक सामरिक संतुलन बनाने वाला शक्ति केंद्र बनकर उभरेगा। आकाशतीर प्रणाली की चर्चा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह भारत की स्वदेशी स्वचालित वायु रक्षा नियंत्रण प्रणाली है, जिसे भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड ने विकसित किया है। हाल के संघर्षों में ड्रोन और मिसाइल हमलों ने जिस तरह युद्ध की तस्वीर बदल दी है, उसके बाद खाड़ी देश अपनी वायु सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क हो गए हैं।

# लखनऊ अग्निकांड: दम घुटने से हुई सभी 15 लोगों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** अलीगंज एनीमेशन सेंटर हादसे में 15 लोगों की मौत दम घुटने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने इसका जिक्र किया है। डॉक्टरों का कहना है कि मृतकों के शरीर पर ऐसी कोई गंभीर चोट नहीं मिली है, जिससे मौत का सीधा कारण हादसे में लगी चोट माना जा सके। डॉक्टरों का कहना है मृतकों के शरीर पर गहरे घाव या बड़ी चोट के निशान नहीं दिखाई दिए हैं। इसके अलावा आग में झुलसने या शरीर के जलने जैसे स्पष्ट प्रमाण भी नहीं मिले हैं। हालांकि कई मृतकों के चेहरे और आंखों के आसपास सूजन मिली है।

वहीं नाक के अंदर कालिख और धुएं के कण पाए गए हैं। डॉक्टरों ने बताया धुएं के कारण दम घुटने से सभी की जान गई है। डॉक्टरों ने जांच अधिकारियों को पोस्टमार्टम और मेडिकल परीक्षण के दौरान मिले इन तथ्यों की जानकारी दी है। टीम को बताया गया कि बंद जगह में आग या धुएं की स्थिति बनने पर ऑक्सीजन की कमी और जहरीली गैसों के प्रभाव से दम घुट सकता है। कई बार ऐसी स्थिति में व्यक्ति को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल पाता है। धुंए के कारण युवक-युवतियां बेहोश भी हुए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की

- जान गंवाने वाले 15 लोगों की आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट
- आग लगने से नहीं इस वजह से गई सभी की जान



वजह दम घुटना बताया गया है।

आग लगने की घटनाओं में कई बार लपटों से ज्यादा मौत का कारण धुएं में मौजूद जहरीली गैसें बनती हैं। बंद जगह में धुआं भरने से ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। भीतर फंसे लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। प्लास्टिक, फोम और सिंथेटिक सामान जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन साइनाइड जैसी जहरीली गैसें निकल सकती हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता को प्रभावित कर बेहोशी और मौत का कारण बन सकती है।

अलीगंज सेक्टर डी स्थित जिस चार मंजिला इमारत में सोमवार को आग लगी, उसमें वर्षों से व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थीं। बावजूद इसके बिल्डिंग के मालिक व संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों ने बिजली विभाग से ऑडिट नहीं कराया था। अग्निकांड के पीछे यह बड़ी वजह भी सामने आई है।

दमकल विभाग के मानक अनुसार व्यावसायिक इमारतों, अपार्टमेंटों में हर तीन वर्ष में बिजली विभाग से ऑडिट कराना चाहिए। इससे बिजली पर बढ़ते भार और अन्य खामियों का समय से पता चल जाता है। हालांकि, अलीगंज की इमारत के मालिक व यहां चल रहे प्रतिष्ठान के मालिकों ने चंद रुपये बचाने के लिए कभी ऑडिट ही नहीं कराया। यह लापरवाही तब बरती गई जब हैक्सार स्टूडियो में रोजाना 40 से 50 लोगों का आना-जाना लगा रहता था। शहर में तमाम अपार्टमेंट दशकों पुराने हैं। इनमें वायरिंग भी उसी समय की होती है। इस बीच तार पर बढ़ने वाले लोड का पता ही नहीं चल पाता। ओवरलोडिंग और उपकरणों का गलत इस्तेमाल शॉर्ट सर्किट का बड़ा कारण बनता है, जिससे आग लगती है। इस कारण हर तीन वर्ष में बिजली ऑडिट कराना चाहिए।

# मुख्यमंत्री योगी बोले-फायर सेफ्टी मानकों से नहीं होगा कोई समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अलीगंज में बीते दिनों आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को प्रदेश के लिए एक बड़ा सबक बताते हुए कहा कि इस पीड़ादायक घटना से सीख लेते हुए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए शासन, प्रशासन और आमजन को मिलकर अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में मिशन मोड में व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जनपदों में अस्पतालों, नर्सिंग होमों, मेडिकल कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, शॉपिंग मॉल, सरकारी भवनों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी तरह जनहित में संचालित किया जाएगा। पहले व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के नाम पर किसी भी नागरिक का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में विशेष टीम गठित कर फायर ऑडिट अभियान संचालित किया जाए। सभी कोचिंग संस्थानों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा व्यावसायिक भवनों में अग्निशमन विभाग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) भवन परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन अथवा भूमि का उपयोग उसी उद्देश्य के अनुरूप होना चाहिए, जिसके लिए उसे स्वीकृति प्रदान की गई है। आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन नहीं होना चाहिए तथा निर्धारित उपयोग के विपरीत किसी भी प्रकार की गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में बेसमेंट में कोचिंग अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन न होने पाए। यदि बेसमेंट पार्किंग के लिए स्वीकृत है तो उसका उपयोग केवल पार्किंग के लिए ही किया जाए।

मुख्यमंत्री ने व्यावसायिक भवनों के विद्युत भार (लोड) का आकलन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां विद्युत भार निर्धारित मानकों के विपरीत पाया जाए अथवा अन्य नियमों का उल्लंघन हो रहा हो, वहां तत्काल नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने बीते दिनों लखनऊ में घटित आग लगने की दुर्घटना के संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक अग्निशमन सेवा, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दल, एम्बुलेंस और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा किए गए राहत एवं बचाव कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।

# अखिलेश यादव पहुंचे ट्रॉमा सेंटर, घायलों से की मुलाकात, सरकार को घेरा



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर अग्निकांड को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर हादसे में घायल छात्रों और अन्य मरीजों का हालचाल लिया। इससे पहले उन्होंने इस घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला और प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल उठाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हर बड़ी घटना के बाद केवल एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन होता रहा है, लेकिन इससे यह आभास होता है कि प्रदेश में कोई सरकार है ही नहीं। उन्होंने कहा, "अगर सरकार है तो नियमों का पालन क्यों नहीं हो रहा? हर घटना के बाद एसआईटी बना देना समाधान नहीं है।" सपा अध्यक्ष ने भवन निर्माण और अग्निशमन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस इमारत में कोचिंग सेंटर चल रहा था, उसका नक्शा और एनओसी किसी न किसी स्तर पर स्वीकृत हुई होगी। ऐसे में यह जांच का विषय है कि फायर एनओसी कैसे मिली और किन लोगों ने इसके लिए अपनी जेबें भरीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में प्रशासनिक जवाबदेही कमजोर हुई है और नियमों का पालन कराने में सरकार विफल रही है। उनके मुताबिक, हर हादसे के बाद जांच बैठा देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई होनी चाहिए।

## सार संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट व अभद्रता का आरोप

**खटीमा।** ग्राम पचौरिया कुटरी में एक पत्रकार के घर मे उसकी गैरमौजूदगी में महिलाओं व बच्चों से मारपीट व अभद्रता का मामला सामने आया है। पत्रकार की पत्नी मीना देवी ने पुलिस चौकी चकरपुर को सौंपी तहरीर में बताया कि पड़ोस के ही दीपक कुमार पुत्र तारा राम तथा उनके भाई सूरज कुमार द्वारा 6 महीना पहले पीड़िता के कुत्ते को घायल कर दिया गया था जिसकी सूचना उस समय पुलिस को दी गई थी। वहीं बीती रात लगभग 9 बजे दीपक कुमार ने पीड़िता के कुत्ते को मोटरसाइकिल से कुचलने का प्रयास किया जिस पर कुत्ते ने दीपक कुमार को काट लिया। इसके उपरांत पीड़िता के पति द्वारा दीपक का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया। वहीं पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सोमवार को उसके पति और देवर की गैर मौजूदगी में सुबह लगभग 9:00 बजे उक्त दोनों आरोपियों द्वारा घर में घुसकर लाठी डंडों से पीड़िता तथा उसके बच्चों के साथ मारपीट की गई व अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और उनके बच्चों के साथ भी अभद्रता का प्रयास किया गया। वहीं पीड़िता ने तहरीर के माध्यम से बताया कि उक्त आरोपियों द्वारा की गई मारपीट में उसके सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कर मामले में उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### प्रदेश में 28 जून से मानसून देगा दस्तक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सुस्त पड़े मानसून का इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 28 जून को मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश में दस्तक दे सकता है, जबकि 29 जून से प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी मानसूनी बारिश होने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून आने से पहले 24 से 28 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तपिश और लू का असर बना रहेगा। हालांकि इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश होने की भी संभावना है। मंगलवार को हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, अलीगढ़ और मथुरा समेत पश्चिमी यूपी के कई जिलों में कहीं तेज हवाएं चलीं तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी और भदोही समेत प्रदेश के 31 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को 43.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं प्रयागराज में 42.8 डिग्री, फतेहपुर में 42.6 डिग्री, वाराणसी में 42.5 डिग्री और हमीरपुर में 42.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### हज यात्रा 2027: यात्रा के लिए आवेदन हुए शुरू, 20 जुलाई तक भर सकेंगे ऑनलाइन फॉर्म

**लखनऊ।** हज-2027 पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से जारी दिशा निर्देश के मुताबिक इसके आवेदन 20 जुलाई 2026 की रात 11:59 बजे तक हज कमेटी की वेबसाइट और ''हज सुविधा'' मोबाइल एप के माध्यम से किए जा सकेंगे। हज कमेटी की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जुलाई के अंतिम सप्ताह में डिजिटल रैंडम चयन (कुरआ) किया जाएगा। अस्थायी रूप से चयनित प्रत्येक हज यात्री को 10 अगस्त 2026 तक 1,52,300 रुपये की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। निर्धारित समय सीमा के बाद किसी प्रकार की छूट या अवधि बढ़ाने का प्रावधान नहीं होगा। उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सचिव मोहम्मद तारिक ने बताया कि आवेदन के लिए मशीन-पठनीय भारतीय पासपोर्ट (जो आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी हो चुका हो और कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक वैध हो), पासपोर्ट आकार का नवीन फोटो, बैंक पासबुक या निरस्त चेक तथा पते के प्रमाण की स्कैन कॉपी अपलोड करना अनिवार्य होगा। मोबाइल से खींची गई तस्वीरें स्वीकार नहीं की जाएंगी। हज कमेटी ने यात्रियों से आवेदन करने से पहले सभी दिशा-निर्देश और घोषणापत्र ध्यान से पढ़ने तथा अपनी पात्रता सुनिश्चित करने की अपील की है। साथ ही हज सीट निरस्त करने से बचने की सलाह दी गई है। समिति का कहना है कि सीट रद्द होने से यात्रा व्यवस्था प्रभावित होती है, इसलिए हज-2027 की नीति के अनुसार सीट निरस्तीकरण पर निर्धारित दंड भी लगाया जाएगा। प्रदेश में हज पर जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि वर्ष 2024 में करीब 13 हजार हज यात्री सऊदी अरब गए थे। हज-2025 में करीब 14 हजार से अधिक और 2026 में 18065 हज यात्रियों ने हज किया। वर्ष -2027 के लिए राज्यवार अंतिम कोटा और चयनित यात्रियों की संख्या केंद्र सरकार और हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा बाद में जारी की जाएगी।

# कुकिंग गैस को लेकर उपभोक्ताओं में मारामारी

## 28,000 उपभोक्ताओं के लिए 10,000 के विपरीत मात्र 8,000 सिलेंडर उपलब्ध - प्रबंधिका अंजू देवी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** लगातार बढ़ रही कुकिंग गैस की किल्लत से शिव इंडियन गैस से जुड़े उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कुकिंग गैस के लिए उपभोक्ताओं को मारामारी का सामना करना पड़ रहा है।



भीषण धूप में गैस का इंतजार करते उपभोक्ता। -जागरण मोर्चा

गैस वितरण स्थल एकलव्य विद्यालय के सामने ग्राउंड में गैस के लिए उपभोक्ता तीन-तीन लाइनों में खड़े हैं। हलक सुखाने वाली गर्मी में युवक युवतियां एवं महिला व पुरुष छतरी ओढ़े कतार बद्ध अपनी बारी का इंतजार कर रह हैं। लेकिन नंबर आने से पूर्व ही गैस समाप्त हो जाती है। गैस नहीं मिलने से आकोशित उपभोक्तों से निजात एवं अभद्रता पर उतारू उपभोक्ताओं के लिए से निपटने के लिए गैस वितरक प्रबंधिका को पुलिस बुलानी पड़ती है। कंजाबाग रोड स्थित शिव इंडियन गैस केंद्र पर प्रबंधिका अंजू देवी बताती हैं कि उन्हें उनके जरूरत के अनुरूप गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इंडियन प्रबंधिका अंजू सिंह ने बताया कि उन्हें लगभग 28,000 उपभोक्ताओं के लिए 10,000 सिलेंडर चाहिए। लेकिन उन्हें इसके विपरीत मात्र 8,000 सिलेंडर ही मिल पा रहे हैं। कम हुये 2,000 सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पाती है। 10,000 के विपरीत 8,000 सिलेंडर की आपूर्ति पर वंचित रहने वाले उपभोक्ता आक्रोशित रह जाते हैं। कुकिंग गैस उपभोक्ताओं की संख्या के अनुपात में गैस की गाड़ियां सप्ताह में 6 दिन ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण करती हैं। लेकिन मंगलवार को नगर के उपभोक्ताओं को गैस विपरीत की जाती है। गैस की तुलना में अधिक उपभोक्ता गैस लेने पहुंच जाते हैं।

# गांव-मोहल्लों में गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटाकर यक्ष एप पर अपडेट करेगी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** गुमशुदा लोगों की तलाश को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश पुलिस अब गांव और मोहल्लों में जाकर उनकी स्थिति की जानकारी जुटाएगी। यह जानकारी यक्ष एप पर अपडेट की जाएगी। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सीसीटीएनएस और यक्ष एप को जोड़ा जा रहा है, जिससे खोज और निगरानी प्रक्रिया तेज होगी।



गुमशुदा लोगों के बारे में अब पुलिस गांव-मोहल्लों में जानकारी जुटाकर यक्ष एप पर अपडेट करेगी। बीते दिनों गुमशुदा लोगों का पता लगाने को लेकर हाईकोर्ट द्वारा जताई गई नाराजगी के बाद प्रदेश पुलिस ने सीसीटीएनएस पर दर्ज गुमशुदा लोगों की जानकारी यक्ष एप पर भी भेजने की कवायद शुरू कर दी है। इससे बीट स्तर पर तैनात पुलिसकर्मी उसके घर पर जाकर वापस आने अथवा नहीं मिलने के बारे में जानकारी जुटाएगी और उसे एप पर अपडेट करेगी। डीजीपी राजीव कृष्ण ने इस बाबत मातहतों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद जब प्रदेश पुलिस द्वारा गुमशुदा लोगों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की गई तो पता चला कि करीब 80 फीसद लोगों की अब तक की स्थिति का डाटा थाना स्तर से अपडेट ही नहीं किया गया था। इसलिए गुमशुदा लोगों के मामले में त्वरित खोज एवं मॉनीटरिंग को प्रभावी बनाने के लिए सीसीटीएनएस के मिसिंग पर्सन डाटा को यक्ष एप में एंटीग्रेट किया जा रहा है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया संस्थापक व अमर शहीद श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भाजपा के संस्थापक व अमर शहीद श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज भाजपा नगर मंडल खटीमा द्वारा लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह खटीमा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढाकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी ने और संचालन महामंत्री भुवन चंद्र भट्ट ने किया।

कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त दर्जा राज्य मंत्रियों का कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत कर बधाई दी गयी। विचार गोष्ठी में वक्ताओं में मुख्य रूप से दर्जा राज्य मंत्री किशन सिंह बिष्ट किन्ना,



नवनियुक्त दर्जा राज्य मंत्रियों का कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत कर बधाई दी। -जागरण मोर्चा

दर्जा राज्य मंत्री मोहिनी पोखरिया, दर्जा राज्य मंत्री अभिषेक शाही, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी और भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय ने अपने विचार रख कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन पर प्रकाश डाल उनका अनुसरण करने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश गोयल, रंदीप पोखरिया, गोपाल बोरा, शशांक वर्मा, अमित जोशी, इंदिरा चंद, भागीरथी खोलिया, बीना कनौजिया, केडी धामी, अमित चिलकोटी, आयुष रस्तोगी, प्रियांशु बंसल, राशिद मिर्जा, जाहिद, सचिन डोरा, अब्दुल शकूर, कमलेश थापा, असलम अंसारी आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे सभी ने राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

# अलीगंज अग्निकांड की तह तक पहुंचने में जुटी एसआईटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** अलीगंज कोचिंग अग्निकांड की जांच अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बाद गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और इसके बाद केजीएमयू में भर्ती घायलों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।

दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य और नमूने एकत्र किए हैं। अपर मुख्य सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति) अमृत अभिजात और एडीजी (लखनऊ जोन) प्रवीण कुमार की दो सदस्यीय एसआईटी सुबह घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने करीब एक घंटे तक जली हुई इमारत, निकास मार्ग, विद्युत व्यवस्था और अन्य पहलुओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। एसआईटी



ने घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से एकत्र किया जा रहा है और घायलों से मिली जानकारी के आधार पर कई लोगों और संबंधित विभागों से पूछताछ की जाएगी। एडीजी प्रवीण कुमार ने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। जांच के दायरे में घटना से जुड़े सभी विभागों की भूमिका शामिल की गई है और निर्धारित समयसीमा के भीतर रिपोर्ट शासन को सौंप दी जाएगी। एफएसएल के निदेशक आदर्श कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल से जले हुए विद्युत उपकरण, तार, मलबा और अन्य नमूने एकत्र किए हैं।

# उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा एक दिवसीय जन जागरूकता एवं संवेदी कार्यशाला आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा एक दिवसीय जन जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ शिव कुमार वरनवाल सचिव उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग, डॉक्टर गीता खन्ना अध्यक्ष उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की देखरेख में ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग से बाल अधिकार और संरक्षण प्रदान करने संबंधी सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह ने पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट एवं बाल अपराध के संबंध में जानकारियां



उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा एक दिवसीय जन जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला में मौजूद लोग।

दी और संविधान में बच्चों के लिए बनाए गए कानून से अवगत कराया। कार्यवाहक खंड विकास शिक्षा अधिकारी सुदर्शन गहतोडी ने शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत 25% प्रत्येक स्कूल में आरक्षित रखी गई सीटों की जानकारी दी।

सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने अतिथियों का आभार जताया। ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा ने इस तरह की जागरूकता के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगाने की अपील की। एक दिवसीय शिविर में संरक्षक दयाल सिंह बिष्ट, योगेंद्र सिंह रजवार सदस्य, सहायक कृषि अधिकारी कुंदन सिंह मनोला, खंड विकास अधिकारी संजय गांधी, आशा जोशी सीडीपीओ, मीरा देवी सुपरवाइजर, पैनल अधिवक्ता शबाना कुरेशी, पीएनबी विमल कुमार, मीरा देवी, मंजू बिष्ट, प्रभु दयाल, मीनावती, ठग्गो देवी, भगवती राणा, आरबी सिंह, माया, साइबर टीम मानव तस्करी एसआई मीना रावत, एसआई मीनाक्षी, एस आई भूमिका पांडे, एसआई रीता चौहान, एसआई रुचिका चौहान, एसआई कुसुम रावत आदि मौजूद थे।

# लखनऊ अग्निकांड: आमने-सामने आए ब्रजेश पाठक और अखिलेश

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** अलीगंज अग्निकांड पर विपक्ष द्वारा राजनीति किए जाने पर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तीखा हमला बोला। उन्होंने अखिलेश यादव को निशाने पर लेते हुए कहा है कि यह हादसा आपकी सरकार के कुकृत्यों का नमूना है। उन्होंने कहा कि इस हृदयविदारक घटना में 15 लोगों की जान गई है और आप एसी कमरे में बैठकर राजनीति कर रहे हैं।

ब्रजेश पाठक ने अलीगंज अग्निकांड को अखिलेश सरकार के भ्रष्टाचार का नमूना बताते हुए कहा कि प्लॉट आवंटन से लेकर इस अवैध बिल्डिंग का निर्माण का कार्य आपकी ही सरकार के दौरान हुआ था। आपने इसे सील करके सील खोलने का काम किया था। ध्वस्तीकरण के आदेश को रद करने का काम किया था। ये दर्दनाक घटना आप के ही सरकार के कुकृत्यों का यह नतीजा है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सारे कार्यक्रम रद करके स्वयं तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित परिवारों से मिले और उन्हें न्याय दिलाने के लिए रात में ही कार्रवाई शुरू कर दी गई। चार अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। जितने भी लोग इस घटना में जवाबदेह पाए जाएंगे सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने एसआईटी का गठन भी कर दिया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, उनके दर्द को समझते हुए सरकार हर संभव मदद और न्याय सुनिश्चित करेगी।

# 40 लाख पौधारोपण का लक्ष्य, पर्यावरण संरक्षण पर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई बैठक में मौजूद डीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जिला पर्यावरणीय, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि जनपद को 33 लाख के स्थान पर 40 लाख पौधारोपण का संशोधित लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों तथा वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने नदियों में कूड़ा एवं अपशिष्ट जाने से रोकने, नालों की नियमित सफाई कराने तथा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी अलखानंद अक्रिय महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## भव्य सत्संग में गूंजे गुरुदेव के आदर्श, विशाल चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** खमरियापुल स्थित परम अक्रिय धाम में मंगलवार को महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी अलखानंद अक्रिय महाराज की 23वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और जनसेवा के भाव के साथ मनाई गई। आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं क्षेत्रवासियों ने गुरुदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भव्य सत्संग में वक्ताओं ने स्वामी अलखानंद अक्रिय महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गुरुदेव ने मानव सेवा, आध्यात्मिक जागरण और समाज कल्याण का जो संदेश दिया, वह आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।इस अवसर पर 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की भावना को साकार करते हुए निःशक्त जनसेवा संस्थान के तत्वावधान में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बरेली के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। नेत्र, दंत, कान एवं अन्य विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां, चश्मे तथा कान की मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम प्रबंधक डॉ. बांकेलाल गंगवार, कोठारी राम प्रकाश राठौर, व्यवस्थापक बबलू कश्यप, निःशक्त जनसेवा संस्थान के संस्थापक अमृतलाल, हरेंद्र कुमार, आकाश वर्मा, युगल वर्मा, देव मौर्य सहित अनेक समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान चंदनलाल लोधी, मिलाप सिंह, अजय गुप्ता, प्यारेलाल कश्यप, छेदालाल गंगवार, अखिलेश शर्मा, कमलेश गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, अशोक लोधी, महेंद्र पाल राजपूत, दिलसुखराम, बद्रीप्रसाद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


स्वामी अलखानंद अक्रिय महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर पहुंचे श्रद्धालु।

## सार संक्षेप



जिले का पहला आधुनिक आधार सेवा केंद्र। -जागरण मोर्चा

### यूआईडीएआई का पहला आधुनिक आधार सेवा केंद्र शुरू

**पीलीभीत।** जनपद में यूआईडीएआई का पहला आधुनिक आधार सेवा केंद्र नकटादाना चौराहा स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास टनकपुर रोड पर संचालित हो गया है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि केंद्र पर प्रतिदिन 500 से अधिक आधार कार्ड बनाए और अपडेट किए जा रहे हैं। यहां नया आधार नामांकन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, फोटो और बायोमेट्रिक अपडेट सहित सभी आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध हैं। केंद्र की व्यवस्था पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर विकसित की गई है। नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई है। केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 :30 बजे तक खुला रहता है तथा ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा भी उपलब्ध है।

### जेठ के बड़े मंगलवार पर बजरंग बली की भक्ति में डूबा शहर



**पीलीभीत।** जेठ मास के बड़े मंगलवार पर शहर भर में भगवान हनुमान के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विभिन्न स्थानों पर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया, जबकि बजरंग बली के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। पूजा-अर्चना के बाद शहर के प्रमुख चौराहों और मंदिरों पर विशाल भंडारों एवं प्याऊ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं और राहगीरों को पूरी-सब्जी, हलवा, शरबत और मीठे जल का प्रसाद वितरित किया गया। यशवंत्री देवी मंदिर, ब्रह्मचारी घाट मंदिर, स्टेशन रोड हनुमान मंदिर, छतरी चौराहा और जेपी रोड सहित कई स्थानों पर दिनभर भंडारे चलते रहे।

### पैमाइश न होने पर भाकियू भानू गुट का जोरदार प्रदर्शन

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मुडिया गांव में लंबे समय से लंबित पैमाइश और अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मौके पर जमकर नारेबाजी की और तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि गांव में कई बार राजस्व विभाग से पैमाइश कराने की मांग की गई, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया गया कि कब्जाधारियों के कारण ग्रामीणों की जमीन पर विवाद की स्थिति बनी हुई है और लोग परेशान हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। भाकियू भानू गुट के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समय रहते पैमाइश कराकर अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसानों ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान एकजुट होकर गांव में पहुंचे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर माहौल काफी देर तक तनावपूर्ण रहा, हालांकि ग्रामीणों और संगठन के पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी।

# ट्रेड डील के विरोध में भाकियू चढ़ूनी ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पूरनपुर।** भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर कार्यकर्ता एकत्र हुए और काली पट्टी बांधकर सिरसा चौराहे से तहसील प्रांगण तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो ने किया। मंगलवार दोपहर संगठन के कार्यकर्ता सिरसा चौराहे पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए तहसील परिसर पहुंचे। मार्च के दौरान किसानों ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उनका आरोप था कि यदि विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में अधिक छूट दी गई तो इसका सीधा असर देश के किसानों की आय और कृषि व्यवस्था पर पड़ेगा।जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो ने कहा कि देश का किसान पहले से ही लागत बढ़ने, फसलों के उचित मूल्य न मिलने और प्राकृतिक आपदाओं जैसी कई समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में यदि ऐसी कोई ट्रेड डील लागू की जाती है, जिससे विदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिले, तो भारतीय किसानों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते से पहले किसानों और कृषि विशेषज्ञों से व्यापक चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी अनदेखी कर लिया गया कोई भी फैसला स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगा। यदि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। किसानों ने मांग की कि ट्रेड डील से संबंधित सभी पहलुओं को सार्वजनिक किया जाए ताकि किसानों और आम जनता को इसके संभावित प्रभावों की जानकारी मिल सके। पैदल मार्च में प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुरिंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जोग सिंह वर्क, तहसील अध्यक्ष जगविंदर सिंह, उपाध्यक्ष रेशम सिंह, कलीनगर तहसील अध्यक्ष मनजीत सिंह, परमीत सिंह, तहसील प्रभारी मनदीप सिंह, रंजीत सिंह सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जंगल में अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, चार लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के कजरी जंगल में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही एक बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे उस पर सवार बच्चों सहित चार लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी भूपेंद्र अपने भतीजे दिवांश, पत्नी लल्ली व पुत्र विक्रांत के साथ गोला से वापस घर लौट रहा था। बाइक कजरी जंगल मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया, जिसके चलते बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि बाइक पर सवार लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला और सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना में बच्चों को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने घायलों को उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पताल भिजवाया। कई स्थानों पर सड़क की स्थिति खराब है तथा वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। उनका कहना है कि तेज गति और लापरवाही अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग भी की है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष में डॉक्टरों की भूमिका अहम, मानक प्रोटोकॉल बनाने का सुझाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** पीटीआर में मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी न्यूनीकरण को लेकर पीटीआर प्रशासन एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संयुक्त तत्वावधान में "मानव-वन्यजीव संघर्ष में डॉक्टरों की भूमिका" विषय पर संवेदनशीलता कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कहा कि वन्यजीव हमलों में घायल लोगों के उपचार से लेकर मुआवजा दिलाने तक की प्रक्रिया में चिकित्सकों की रिपोर्ट सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टरों की जिम्मेदारी को रेखांकित किया, जबकि उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान ने संघर्ष से जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।

स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह ने वन्यजीव हमलों से होने वाली चोटों के सटीक आकलन के लिए मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल विकसित करने का सुझाव दिया। वहीं, वाइल्ड लाइफ बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसायटी के महासचिव डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने कहा कि चिकित्सकों की सही एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग से पीड़ितों को न्याय और वित्तीय सहायता मिलती है।

कार्यशाला में सीएचसी पूरनपुर, न्यूरिया, पीएचसी जटपुरा, शिवनगर, ललौरीखेड़ा तथा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सकों ने प्रतिभाग कर मानव-वन्यजीव संघर्ष के समाधान में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए पात्र परिवार करें आवेदन

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जनपद को 1787 पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य मिला है, जबकि अब तक केवल 890 लाभार्थियों की सूची प्राप्त हुई है।

मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल न हो सके पात्र विधवा, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा प्रभावित, अनुसूचित जनजाति, बंजारा एवं कुष्ठ रोगी परिवार इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनके पास पक्का मकान नहीं है और जो निर्धारित पात्रता मानकों को पूरा करते हैं। पात्र परिवार ग्राम पंचायत सचिव या खंड विकास अधिकारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि योजना के नाम पर किसी प्रकार की रिश्वत मांगना दंडनीय है। ऐसी शिकायतें परियोजना निदेशक और मुख्य विकास अधिकारी के मोबाइल नंबरों पर दर्ज कराई जा सकती हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची ग्राम पंचायतों में चस्पा कर दी गई है तथा 1 जुलाई तक ग्राम सभाओं में उसका परीक्षण किया जा रहा है।

# ई-रजिस्ट्री व निजीकरण के विरोध में कातिब संघ का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



ई रजिस्ट्री के विरोध में प्रदर्शन करते कातिब। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** निबंधन विभाग में ई-रजिस्ट्री, पेपरलेस रजिस्ट्रेशन और निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में सोमवार को कातिब संघ, अधिवक्ताओं और स्टाम्प विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कातिब संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार जौहरी के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निजी कंपनियों को पंजीकरण कार्य सौंपने से लाखों लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में कातिबों, स्टाम्प विक्रेताओं, कंप्यूटर ऑपरेटरों और मुंशियों के रोजगार संरक्षण की मांग की गई। साथ ही ई-रजिस्ट्री लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श करने की बात कही गई। उधर, महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने अधिकारियों को पत्र जारी कर ई-रजिस्ट्रेशन नियमावली को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर पर दस्तावेज लेखक संघ के साथ वार्ता भी की गई है, जिसके बाद संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। अधिकारियों को निबंधन कार्यालयों में कार्य सामान्य कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

# अग्निकांडों पर सपा कार्यकर्ताओं ने जताया रोष, सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग

**पूरनपुर** दिल्ली और लखनऊ समेत विभिन्न स्थानों पर हुई आग की घटनाओं को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। सपा जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी ने अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से छात्रों की मौत पर गहरा दुख जताया।

उन्होंने कहा कि आग लगने जैसी आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव दल तथा फायर ब्रिगेड की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। सपा नेताओं ने घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर चिंता जताते हुए भवन निर्माण और शैक्षणिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की भी मांग उठाई।

### ऑपरेशन कन्विक्शन में सफलता: 14 साल पुराने मामले में आरोपी को 4 साल की सजा

**पीलीभीत।** थाना गजरौला में वर्ष 2012 में दर्ज मारपीट, छेड़छाड़ और धमकी के मामले में न्यायालय एसीजेएम प्रथम ने आरोपी दिनेश कुमार को दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के साधारण कारावास तथा 13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सफलता उत्तर प्रदेश पुलिस के "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते मिली। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को धारा 452, 354, 504 व 506 आईपीसी के तहत दोषी पाया। पुलिस अधीक्षक ने मामले में प्रभावी पैरवी करने वाली टीम की सराहना की है।




कार्यक्रम | शरबत शिविर ने राहगीरों को बड़ी राहत दी

# विधायक व चेयरमैन ने स्टेशन चौराहा पर बांटा शरबत

जागरण मोर्चा कार्यालय



शरबत वितरण करते विधायक व चेयरमैन। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच मंगलवार को नगर के व्यस्ततम स्टेशन चौराहा पर जनसेवा का एक सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं नगर पालिका चेयरमैन ने संयुक्त रूप से राहगीरों, ऑटो-रिक्शा चालकों, दुकानदारों और आम नागरिकों को शीतल शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच जब लोग परेशान हो रहे थे, तभी स्टेशन चौराहा पर लगाए गए शरबत शिविर ने राहगीरों को बड़ी राहत दी। सैकड़ों लोगों ने रुककर शरबत पिया और गर्मी से कुछ देर की राहत महसूस की।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी में जनसामान्य को राहत पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी के साथ-साथ सामाजिक कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश देते हैं। नगर पालिका चेयरमैन ने बताया कि नगर में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए समय-समय पर शीतल जल और शरबत वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि आगे भी जरूरत के अनुसार ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। देर शाम तक कार्यक्रम चला रहा।

# दहेज ना देने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**पूरनपुर।** दहेज ना देने पर विवाहिता को पीटकर निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी पूनम ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले पुवायां के मोहल्ला गढी निवासी सागर के साथ हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी हैशियत के तहत दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से पति संतुष्ट नही था। कुछ महीनों के बाद पति ने विवाहिता पर अतिरिक्त दहेज लाने का दवाव वनाना शुरु कर दिया। विवाहिता ने मायके वाले गरीव होने की बात कहकर दहेज लाने से मना कर दिया। जिस पर पति ने उसको प्रताड़ित कर अपने साथ रखने से मना करते हुए उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश


श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुआ वृक्षारोपण। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नारी शक्ति क्लब, पूरनपुर द्वारा रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि उप क्षेत्रीय वनाधिकारी कपिल कुमार तथा विशिष्ट अतिथि होडिल सिंह रहे। इस अवसर पर प्रभा गुप्ता, सुधा गुप्ता, नीता अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, बृजेश गुप्ता, गुरुमेल सिंह और प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन और मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित वातावरण के संवर्धन का संकल्प लिया।

# लखनऊ में वाटर वुमन शिप्रा पाठक के नेतृत्व में 'हरित मंगल प्रकल्प' ने रचा इतिहास

- अंतिम बड़े मंगल पर भी भंडारा व पांच हजार पौधे वितरित किए
- 1.25 लाख पौधों का वितरण और 21 हजार भंडारों में पर्यावरण संरक्षण का अनूठा मॉडल बना मिसाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर राजधानी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व पहल देखने को मिली। पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक एवं वाटर वुमन के नाम से प्रसिद्ध जिले के दातागंज कस्बे की रहने वाली व भाजपा नेता डॉ शैलेश पाठक की बेटी शिप्रा पाठक के नेतृत्व में संचालित "हरित मंगल प्रकल्प" ने धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप देकर एक नई मिसाल कायम की। उन्होने अंतिम बड़े मंगल पर सैनिक कालोनी में भंडारा व पांच हज़ार पौधे वितरित किए । इस अभियान ने न केवल लाखों श्रद्धालुओं को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। शिप्रा पाठक द्वारा पूर्व निर्धारित रणनीति और व्यापक जनसंपर्क अभियान के माध्यम से इस वर्ष बड़े मंगल के आयोजन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और उसके स्थान पर जैव-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने का सफल प्रयास किया गया। अभियान के तहत लगभग 1 लाख 25 हजार पौधों का वितरण किया गया। इसके अलावा 1 लाख 50 हजार हरे पत्तल, 2 लाख दोने तथा 3 लाख लकड़ी के



चम्मच उपलब्ध कराए गए, जिससे हजारों भंडारों में पर्यावरण हितैषी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकीं। शहर भर में आयोजित लगभग 21 हजार भंडारों में हरित मॉडल को लागू किया गया। अनुमान है कि इन भंडारों में 3.5 से 4 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



इतने बड़े स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्थाओं का सफल संचालन अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जा रहा है। अभियान के प्रभाव से बड़ी संख्या में लोगों ने प्लास्टिक के स्थान पर प्राकृतिक और जैव-अनुकूल विकल्पों को अपनाने का संकल्प लिया। इस विशाल अभियान को सफल बनाने के लिए शिप्रा पाठक और उनकी टीम ने जमीनी स्तर पर लगातार सक्रिय रहकर विभिन्न क्षेत्रों में हरित सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित की। छोटे वाहनों के माध्यम से शहर के अलग-अलग हिस्सों तक समय पर सामग्री पहुंचाई गई। जहां कहीं प्लास्टिक उपयोग की संभावना दिखाई दी, वहां टीम ने तत्काल वैकल्पिक पर्यावरण-अनुकूल सामग्री उपलब्ध कराकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। अभियान की एक विशेष और भावनात्मक पहल के रूप में दूसरे बड़े मंगल से हनुमान चालीसा से अभिमंत्रित पौधों का वितरण भी प्रारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने इन पौधों को घरों में स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल ने धार्मिक आस्था को प्रकृति संरक्षण के साथ जोड़ते हुए लोगों के बीच सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। हालांकि कुछ स्थानों पर प्लास्टिक उपयोग की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन शिप्रा पाठक ने इसे भविष्य की चुनौती बताते हुए कहा कि जन-जागरूकता को और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता है।

## सार संक्षेप

### सीएम युवा योजना के तहत मोबाइल एप से इकाइयों का सत्यापन तेज करने के निर्देश

**बदायूं।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा योजना) के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय ने संबंधित विभागों, बैंकों और संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने योजना के तहत स्थापित इकाइयों का सत्यापन मोबाइल एप के माध्यम से तेज करने पर जोर दिया है। डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को सूक्ष्म उद्यमों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद बदायूँ को 1600 लाभार्थियों का लक्ष्य दिया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 159 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं तथा 152 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएससी केंद्रों पर आवेदन शुल्क 100 रुपये से अधिक किसी भी स्थिति में न लिया जाए तथा शुल्क संबंधी सूचना-पट्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। प्रत्येक माह जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (डीपीएमयू) की बैठक आयोजित कर आवेदनों की स्क्रूटनी, स्वीकृति और निस्तारण की समीक्षा की जाए। बिना उचित कारण आवेदन निरस्त करने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। डीएम ने बैंकों को निर्देशित किया कि वे पोर्टल पर निर्धारित समयसीमा के भीतर ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया पूरी करें तथा लाभार्थियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। रेड फ्लैग प्रकरणों और लंबित मामलों की नियमित समीक्षा भी डीपीएमयू बैठकों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को पोर्टल के माध्यम से नि:शुल्क प्रोजेक्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है। अधिक से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाने और बाहरी निर्भरता कम करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मशीनरी, फर्नीचर और उपकरणों के लिए प्रस्तुत कोटेशन की गुणवत्ता और सत्यता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। डीएम ने स्थानीय सप्लायर्स के जीएसटी पंजीकरण, कार्यस्थल और संपर्क विवरण के सत्यापन तथा पात्र सप्लायर्स को सीएम युवा एवं यूपी मार्ट पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत स्थापित इकाइयों का सत्यापन सीएम युवा मोबाइल एप के माध्यम से लाभार्थी, बैंक अधिकारी और विभागीय अधिकारी करेंगे। सत्यापन की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए उन्होंने इसकी गति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही समय-समय पर जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से अपेक्षा की कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए की गई कार्रवाई की जानकारी सीएम युवा मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

### धर्म को सारथी बनाकर ही पाया जा सकता है मोक्षः सत्पुरुष बाबा फुलसंदे



**बदायूं।** शहर के राजमहल गार्डन में मंगलवार को एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का दो दिवसीय सत्संग का शुभारंभ हुआ। सत्संग का शुभारंभ ईश प्रार्थना के साथ किया गया तत्पश्चात आगंतुकों द्वारा बाबा का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वाले कहते हैं यह मनुष्य का शरीर पाप और पुण्य का रथ है जिस पर ज्योति स्वरूप यह आत्मा सवार है जिस मनुष्य ने धर्म को अपना सारथी बनाया वो ही भवसागर से पार हुआ जन्म मरण से पार हुआ। शुभ कर्मों को पुण्य कर्मों को जिस व्यक्ति ने अपना हमसफर बनाया वही परमात्मा के द्वार पर पहुंचे हैं जो सतगुरु की सीख को मानते हैं उनको कभी दुखों की प्राप्ति नहीं होती जो मनुष्य निराकार परमात्मा के नाम को जपता रहता है उसकी आत्मा का चांदना और प्रकाश बढ़ता चला जाता है। हे प्रभु जिसने तेरे नाम को सुमरा है हे प्रभु जिसने तेरे नाम को जपा है उसके दिल में उजियार हो गया है । इंसानों की यह जिंदगी कटे फटे कागज की तरहा है वस्त्र की तरह है और इन फटे वस्त्रों को हे प्रभु तू सिलता रहता है। सांस सांस पर जो व्यक्ति हे आदि देव परमेश्वर तेरा सुमिरन करता है उसी को तू मिलता है उसे तू अपना मित्र बना लेता है। तेरी रोशनी हे परमेश्वर मेरे सीने के आर पार है पाप के रथ पर यह दुनिया बैठी हुई है पाप आचरण करती हुई अंध लोकों में चली जा रही है । जिन लोगों के हृदय में शरीर में विचारों में विष भरा है। उनकी बुद्धि ठोकर खाती रहती है मैंने तो अपना सब कुछ तुझको अर्पण कर दिया है।

# समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

## शिकायत कर समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को अभयपुर, जमीमा और जगतपुर गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों और अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया



प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन को आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लगातार उपेक्षा किए जाने से लोगों का आक्रोश बढ़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# टयूबवेल पर चारपाई पर मिला किसान का शव, संदिग्ध हालत में मौत



कुंवरपाल के परिजन। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** खेत में खड़ी फसल की सिंचाई करने गए एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत गई। किसान का शव टयूबवेल पर चारपाई पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।



मृतक कुंवरपाल।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी कुंवरपाल (48) पुत्र जवाहरलाल सोमवार रात खाना खाकर फसल की सिंचाई के लिए टयूबवेल पर गए थे। मंगलवार सुबह जब वह वापस घर नहीं लौटे तो परिजन खेत पर पहुंचे, जहां उनका शव चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के पुत्र ने बताया कि करीब ढाई साल पहले उनकी मां की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद उसके पिता अवसाद में आ गए और शराब पीने के आदी हो गए। सोमवार को भी उन्होंने शराब पी। उसने शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पीने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि किसान की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्घटनाओं पर लगाम के लिए बदायूं पुलिस सक्रिय, 93 क्रिटिकल कॉरिडोर पर सुधार कार्य शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से बदायूं पुलिस ने जनपद में चिन्हित 93 दुर्घटना संभावित (क्रिटिकल कॉरिडोर) स्थानों का भौतिक निरीक्षण शुरू कर दिया है। इन स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा मानकों के अनुरूप आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि दुर्घटनाओं की संख्या को नियंत्रित किया जा सके।

प्रशासनिक अधिकारियों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंताओं के साथ संयुक्त रूप से बरेली–मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग का भी निरीक्षण किया गया। कछला से बरेली बॉर्डर तक स्थित संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां सुरक्षा संबंधी जरूरी सुधार किए जा रहे हैं, जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित



हाईवे पर निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

और सुगम बन सके।

जनपद पुलिस द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं एनएचआई के साथ लगातार समन्वय बनाकर निर्माणाधीन सड़कों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। निर्माण कार्य को सुरक्षित ढंग से पूरा कराने के लिए शहर क्षेत्र के संबंधित फ्लाईओवर पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर आवश्यक रूट डायवर्जन लागू किया गया है। इसके साथ ही दुर्घटना संभावित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है। बदायूं पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि "एक मिनट की सावधानी, परिवार की जिंदगी बचा सकती है।" वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि चिन्हित स्थानों पर गति धीमी रखें और यातायात नियमों का पालन करें।

# स्टेशन चौराहा पर भंडारे का आयोजन, उमड़े लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के स्टेशन चौराहा पर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक वातावरण के बीच आयोजित भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और व्यवस्था में सहयोग किया। भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। आयोजन स्थल पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जहां लोगों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों के अलावा राहगीरों ने भी प्रसाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा और सद्भाव



भंडारा ग्रहण करते लोग।

की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने प्रसाद वितरण और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। भंडारे में मौजूद लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह बना रहा और वातावरण भक्तिमय रहा।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में भाकियू चढ़ूनी का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मालवीय आवास गृह कलेक्ट्रेट परिसर में भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर और हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान आयोजित पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि बढ़ती लागत, फसलों के उचित मूल्य का अभाव, प्राकृतिक आपदाओं और कर्ज के बोझ से किसान पहले ही परेशान हैं। ऐसे में विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में प्रवेश देने से किसानों की स्थिति और खराब होगी।




उन्होंने कहा कि सस्ते आयातित उत्पादों से भारतीय किसानों की उपज के दाम गिरेंगे और उनकी आय पर नकारात्मक असर पड़ेगा। साथ ही ट्रेड डील से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे कृषि क्षेत्र में निजीकरण और कॉर्पोरेट नियंत्रण बढ़ेगा, जो देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा है। सभा के अंत में नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। इस मौके पर यादवेंद्र सिंह यादव उर्फ पप्पू सहित अन्य वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी कर समझौता किया गया तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कार्यक्रम में बीयीशु दास, भगवान दास शाक्य, अजय सैनी, रजनेश उपाध्याय, इरशाद खां समेत कई किसान मौजूद रहे।

आस्था | अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निकाली जा रही ज्योति कलश रथ यात्रा

# ज्योति कलश रथ यात्रा का हुआ पूजन, देवकली पटना से बदायूं तक गूंजे गायत्री मंत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसावां।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निकाली जा रही ज्योति कलश रथ यात्रा का उसावा के मुख्य मार्गों पर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। देवकली पटना स्थित प्राचीन शिव मंदिर से लेकर उसावां नगर और गायत्री शक्तिपीठ बदायूं तक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अनूठा वातावरण देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चारण, भजन-कीर्तन, पुष्पवर्षा और जयघोषों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश का पूजन कर युग निर्माण अभियान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। शाहजहांपुर से चलकर बदायूं पहुंची इस ज्योति कलश रथ यात्रा का सबसे पहले देवकली पटना स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर भव्य स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में वैदिक परंपराओं के अनुसार वेदमंत्रों के साथ ज्योति कलश का पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। उसावा के शिव मंदिर परिसर में उपस्थित मातृशक्तियों, युवाओं और वरिष्ठ परिजनों ने गायत्री महामंत्र का सामूहिक जप कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उपजोन समन्वयक अजयवीर सिंह, जिला समन्वयक नरेंद्र पाल शर्मा ने कहा कि ज्योति कलश युग परिवर्तन, नैतिक जागरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संदेश लेकर चल रहा है। वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा तथा नत्थूलाल शर्मा ने कहा कि कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। देवकली पटना से आगे बढ़ी ज्योति कलश रथ यात्रा उसावां स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां गायत्री शक्तिपीठ बदायूं के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र नाथ



ज्योति कलश रथ यात्रा का पूजन करतीं मातृशक्तियां, देवकन्याएं और श्रद्धालु।

शर्मा ने वैदिक विधि-विधान के साथ ज्योति कलश रथ यात्रा का पूजन कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकाश, ज्ञान और सद्बुद्धि का विशेष महत्व है तथा ज्योति कलश उसी दिव्य चेतना का प्रतीक है जो मनुष्य के जीवन को अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाती है। उसावां नगर पंचायत की चेयरमैन प्रियंका सिंह चौहान ने मातृशक्तियों और देवकन्याओं के साथ श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश का पूजन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रथ यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। बेबी गुप्ता और रजनी गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और देवकन्याएं ज्योति कलश रथ यात्रा में शामिल रहीं। नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर ज्योति कलश का पूजन किया। इस दौरान भक्ति गीतों और गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा दिखाई दिया। ज्योति कलश रथ यात्रा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची। यहां मंदिर महंत चेतन्य दास ने विशेष पूजा-अर्चना कर ज्योति कलश का पूजन किया।पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र पाल गुप्ता, ओम प्रताप सिंह, संतोष सिंह, नरेश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता तथा पवन गुप्ता आदि श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश का पूजन किया। शाहजहांपुर जिला समन्वयक सूरज वर्मा, ट्रस्टी दुर्गेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार वर्मा तथा युवा प्रकोष्ठ के कपूर कुमार के नेतृत्व में आई इस ज्योति कलश रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। मातृशक्तियों एवं देवकन्याओं ने भजन-कीर्तन किए। सायंकाल ज्योति कलश रथ यात्रा गायत्री शक्तिपीठ बदायूं पहुंची, जहां गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन किया।

# अवनेश का था गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे मिला शव

## परिजनों ने युवक की पत्नी व साढ़ू पर लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे मिले अज्ञात युवक के शव की मंगलवार को परिजनों ने पहचान कर ली है। परिजनों ने युवक की पत्नी व साढ़ू पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। युवक की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंगलवार को युवक के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त अवनेश (27) पुत्र सत्यपाल निवासी गांव धीरपुर थाना दातागंज के रुप में की। मृतक के पिता ने अवनेश की पत्नी व साढ़ू पर हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि अवनेश करीब दो महीने पहले अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ नौकरी की तलाश में हिमाचल प्रदेश गया था। वहां वह अपने



मृतक अवनेश। -जागरण मोर्चा



घटना के जानकारी देते अवनेश के पिता।

साढ़ू के पास रह रहा था। वहां पर उसका साढ़ू व पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद के बाद वह एक सप्ताह पहले पत्नी व बच्चों के साथ आया और मूसाझाग क्षेत्र के गांव ललबुझिया में रहने वाले साढ़ू के घर पहुंचा। अगले दिन उसकी पत्नी व साढ़ू उसे घर पर छोड़कर चले गए। 19 जून को अवनेश अपनी पत्नी व बच्चों को लाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह लौटकर घर नहीं पहुंचा।

सोमवार शाम उसका शव गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे मिला। उधर युवक की तलाश में परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त अवनेश निवासी गांव धीरपुर थाना दातागंज के रुप में हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बड़ा उलटफेर... केप वर्डे ने दो बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे को 2-2 से बराबरी पर रोका

फीफा वर्ल्ड कप | ग्रुप जी में मिस्र ने न्यूज़ीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप इतिहास की अपनी पहली जीत की दर्ज



**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सोमवार को ग्रुप जी और ग्रुप एच के मुकाबलों में रोमांचक नतीजे देखने को मिले। ग्रुप एच में केप वर्डे ने दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे को 2-2 से बराबरी पर रोककर बड़ा उलटफेर किया, जबकि ग्रुप जी में मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप इतिहास की अपनी पहली जीत दर्ज की।

मियामी में खेले गए मुकाबले में केप वर्डे ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए उरुग्वे से 2-2 की बराबरी की। केविन पिना ने शानदार फ्री-किक पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन मैक्सी अराउजो और ऑगस्टिन कैनोबियो के गोल से उरुग्वे ने बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में वरेला ने बराबरी का गोल दागकर केप वर्डे को एक अहम अंक दिलाया। इस ड्रॉ के बाद ग्रुप एच में स्पेन 4 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि उरुग्वे और केप वर्डे के 2-2 अंक हैं। नॉकआउट की दौड़ अब और रोमांचक हो गई है।

### बेल्जियम-ईरान मुकाबला गोलरहित

ग्रुप जी के दूसरे मुकाबले में बेल्जियम और ईरान के बीच मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। दोनों टीमें कई अवसरों के बावजूद गोल नहीं कर सकीं। बेल्जियम को 66वें मिनट में नाथन नगोय के रेड कार्ड के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, लेकिन ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। दोनों टीमों के अब दो-दो अंक हो गए हैं।

### 92 साल बाद मिस्र की पहली जीत



मिस्र ने न्यूज़ीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। 1934 में पहली बार टूर्नामेंट खेलने वाली मिस्र की टीम को 92 साल बाद यह उपलब्धि मिली। कप्तान मोहम्मद सालाह ने एक गोल और एक असिस्ट किया।, जबकि मुस्तफा जीको ने भी एक गोल और एक असिस्ट देकर जीत में अहम भूमिका निभाई। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर मिस्र ने मैच पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा।

# 12 करोड़ का नुकसान झेल दिल्ली लौटे ऋषभ पंत, कुलदीप यादव बने लखनऊ के नए सितारे





**नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 से पहले हुए एक बड़े खिलाड़ी ट्रेड ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज और पूर्व लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) कप्तान ऋषभ पंत दो साल बाद अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स में लौट आए हैं। वहीं दिल्ली के स्टार चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स की जर्सी में नजर आएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा इस हाई-प्रोफाइल ट्रेड की आधिकारिक पुष्टि किए जाने के बाद क्रिकेट प्रशंसकों के बीच इसकी व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। यह ट्रेड केवल खिलाड़ियों के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके आर्थिक और रणनीतिक पहलुओं ने भी सबका ध्यान खींचा है। इस ट्रेड का सबसे चर्चित पहलू ऋषभ पंत की कीमत में आई भारी गिरावट है। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। उस समय वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल हो गए थे। हालांकि दो साल बाद परिस्थितियां पूरी तरह बदल गईं। दिल्ली कैपिटल्स ने कुलदीप यादव के बदले पंत को केवल 15 करोड़ रुपये की वैल्यू पर अपने साथ जोड़ लिया। इस तरह पंत की कीमत में सीधे 12 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि आईपीएल के इतिहास में इतने बड़े वित्तीय अंतर वाला ट्रेड बहुत कम देखने को मिला है। हालांकि खिलाड़ी की वास्तविक क्षमता पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन फ्रेंचाइजी की रणनीति और प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों की बाजार कीमत में उतार-चढ़ाव आता रहता है। दिल्ली कैपिटल्स और ऋषभ पंत का रिश्ता काफी पुराना रहा है। पंत ने अपने आईपीएल करियर का अधिकांश समय दिल्ली के साथ बिताया और टीम के कप्तान भी रहे। हालांकि आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली ने उन्हें रिलीज करने का फैसला किया था। उस समय दिल्ली ने नीलामी में उन्हें दोबारा खरीदने की कोशिश भी की थी, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स ने अधिक बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। पंत को लेकर हुई प्रतिस्पर्धा ने उस नीलामी को यादगार बना दिया था। लखनऊ के साथ जुड़ने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि पंत टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला सकते हैं। फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंपी थी और टीम का पूरा ढांचा उनके इर्द-गिर्द तैयार किया गया था।

# एशियन रिले चैंपियनशिप में भारतीय महिला 4×100 मी. रिले टीम को गोल्ड

## भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत कुल 3 पदक जीते



**नई दिल्ली**

एशियन रिले चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला 4×100 मीटर रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को हराते हुए 43.85 सेकंड का सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

भारतीय टीम में श्रावणी नंदा, एसएस स्नेहा, सुदेष्णा शिवंकर और तमन्ना शामिल थीं। इस चौकड़ी ने बेहतरीन बैटन एक्सचेंज और तेज फिनिश के दम पर रेस में बढ़त बनाए रखी और शीर्ष स्थान हासिल किया। इस रेस में चीन 44.09 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहा और उसे रजत पदक मिला, जबकि थाईलैंड ने 44.11 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल तीन पदक हासिल किए। एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य। रिलायंस फाउंडेशन के कोच मार्टिन ओवेन्स के मार्गदर्शन में टीम ने रणनीति के अनुसार प्रदर्शन किया।

### तमन्ना और स्नेहा का दोहरा पदक प्रदर्शन

भारतीय एथलीट तमन्ना और एसएस स्नेहा ने प्रतियोगिता में दो-दो पदक जीतकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। महिला 4×100 मीटर रिले से पहले दोनों ने मिश्रित 4×100 मीटर रिले में भी कांस्य पदक जीता था। इस मिश्रित टीम में अनिमेष कुजूर और प्रणव गुरव शामिल थे, जिन्होंने 41.27 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस इवेंट में थाईलैंड ने स्वर्ण और चीन ने रजत पदक जीता।

### मिक्स्ड 4×400 मीटर रिले में भारत को रजत

मिक्स्ड 4×400 मीटर रिले में भारत ने एक और पदक जीतते हुए रजत हासिल किया। इस टीम में थीर्थेश पी. शेट्टी, एम. आर. पूवम्मा, भारत श्रीधर और नीरू पाठक शामिल थे। भारतीय टीम ने 3:17.06 सेकंड का समय निकाला। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक वियतनाम ने जीता।

### 4×400 मीटर रिले में भारत को निराशा

महिला 4×400 मीटर रिले में भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही। एम. आर. पूवम्मा, रशदीप कौर, अनसा बाबू और सलोनी नागर की टीम ने 3:34.88 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की 4×400 मीटर रिले में भारत पांचवें स्थान पर रहा। इस रेस में भी वियतनाम ने स्वर्ण पदक जीता। इस प्रकार भारत ने समापन एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ किया।

# फीफा वर्ल्ड कप में इस बार भारतीय मूल के 4 खिलाड़ी भी मैदान में



**नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों का भारतीय सीनियर टीम को फीफा वर्ल्ड कप में खेलते देखने का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया है, लेकिन इस बार टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अलग-अलग देशों की ओर से मैदान में उतरते नजर आएंगे। 11 जून से शुरू हुए इस वर्ल्ड कप की मेजबानी मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा कर रहे हैं। पहली बार इसमें 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

अब तक वर्ल्ड कप इतिहास में भारतीय मूल के खिलाड़ी के रूप में सबसे पहले 2006 में फ्रांस की ओर से विकाश धोरासू ने हिस्सा लिया था। हालांकि उनका प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास प्रभाव नहीं छोड़ सका। करीब दो दशक बाद, इस बार चार भारतीय मूल के खिलाड़ी वर्ल्ड कप में दिखाई देंगे- सरप्रीत सिंह (न्यूज़ीलैंड), निशान वेलुपिल्लै (ऑस्ट्रेलिया), तहसीन मोहम्मद जमशेद (क़तर) और सैमुअल मूटुस्सामी (डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो)।

### तहसीन मोहम्मद जमशेद (कतर)

केरल मूल परिवार से जुड़े तहसीन ने कतर की एस्पायर एकेडमी में प्रशिक्षण लिया। अल-दुहैल क्लब से खेलने के बाद उन्होंने कतर की राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। 2026 वर्ल्ड कप क्वालिफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया।

### निशान वेलुपिल्लै (ऑस्ट्रेलिया)

मेलबर्न में जन्मे निशान की पारिवारिक जड़ें एंग्लो-इंडियन और श्रीलंकाई तमिल मूल से जुड़ी हैं। वे मेलबर्न विक्टरी क्लब के लिए खेलते हैं। 2024 में चीन के खिलाफ क्वालिफायर में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के साथ गोल भी किया।

### सरप्रीत सिंह (न्यूजीलैंड)

ऑकलैंड में जन्मे सरप्रीत के माता-पिता पंजाब से न्यूजीलैंड गए थे। मिडफील्डर सरप्रीत ने 16 साल की उम्र में वेलिंगटन फीनिक्स से प्रो करियर शुरू किया। 2018 में इंटरकॉन्टिनेंटल कप में भारत के खिलाफ मैच में उन्होंने दो गोल असिस्ट किए। बाद में उन्होंने बायर्न म्यूनिख के लिए बुंडेसलीगा में डेब्यू कर इतिहास रचा।

### सैमुअल मूटुस्सामी (डीआर कांगो)

पेरिस में जन्मे सैमुअल के पिता भारतीय तमिल मूल के हैं। 2019 से वे कांगो की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं और अब तक 57 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। इस बार का वर्ल्ड कप भारतीय मूल के खिलाडियों की मौजूदगी के कारण भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए खास दिलचस्पी लेकर आया है।

# अंतर-बटालियन ट्रायथलॉन में 107वीं बटालियन बनी ओवरऑल चैंपियन

**भोपाल**



सेज यूनिवर्सिटी भोपाल के खेल परिसर में 107वीं बटालियन, हिनोतिया द्वारा आयोजित सेक्टर अंतर बटालियन ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 7 बटालियनों के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सेज ग्रुप की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल, कमांडेंट जे.पी. बलई और असिस्टेंट कमांडेंट श्वेता राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, फिटनेस और अनुशासन पर प्रकाश डाला। कड़े मुकाबलों के बीच 107वीं बटालियन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं 41वीं बटालियन के खिलाड़ी को बेस्ट रनर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सेज यूनिवर्सिटी भोपाल के अत्याधुनिक खेल मैदानों और सुविधाओं के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता खिलाडियों और टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने आयोजन को खेल भावना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाला बताया।

### हाइड्रेशन ब्रेक्स पर बवाल, खेल की रफ्तार पर सवाल

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पहली बार लागू किए गए अनिवार्य हाइड्रेशन ब्रेक्स अब विवादों में घिर गए हैं। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की गर्मी से खिलाडियों को राहत देने के लिए शुरू किए गए ये ब्रेक मैच की लय और रोमांच को प्रभावित करने के आरोप झेल रहे हैं। जर्मनी बनाम कुरासाओ मुकाबले में इसका असर साफ दिखा, जहां ब्रेक से पहले 1-1 से बराबरी पर चल रही कुरासाओ टीम ब्रेक के बाद लय खो बैठी और जर्मनी ने 7-1 से जीत दर्ज कर ली। कई अन्य मैचों में भी ब्रेक के तुरंत बाद गोल होने से इस नियम पर सवाल और तेज हो गए हैं। पूर्व खिलाडियों और कोचों ने आलोचना की है। एलन शियरर और रॉय कीन ने इसे खेल की प्राकृतिक गति के खिलाफ बताया, जबकि कुछ कोच भी मानते हैं कि यह ब्रेक रणनीति बदलने का मौका भी देता है। फीफा नियम के तहत हर हाफ के 22वें मिनट में लगभग तीन मिनट का ब्रेक सभी मैचों में अनिवार्य है, यहां तक कि एयर-कंडीशंड स्टेडियम में भी। इस पर दर्शकों ने भी नाराजगी जताई है और कुछ मैचों में हूटिंग तक देखने को मिली।

# एशियन रिले चैंपियनशिप में भारतीय महिला 4.100 मी. रिले टीम को गोल्ड

**नई दिल्ली**

एशियन रिले चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला 4.100 मीटर रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को हराते हुए 43.85 सेकंड का सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।
भारतीय टीम में श्रावणी नंदा, एसएस स्नेहा, सुदेष्णा शिवंकर और तमन्ना शामिल थीं। इस चौकड़ी ने बेहतरीन बैटन एक्सचेंज और तेज फिनिश के दम पर रेस में बढ़त बनाए रखी और शीर्ष स्थान हासिल किया। इस रेस में चीन 44.09 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहा और उसे रजत पदक मिला, जबकि थाईलैंड ने 44.11 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल तीन पदक हासिल किए। एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य। रिलायंस फाउंडेशन के कोच मार्टिन ओवेन्स के मार्गदर्शन में टीम ने रणनीति के अनुसार प्रदर्शन किया। भारतीय एथलीट तमन्ना और एसएस स्नेहा ने प्रतियोगिता में दो-दो पदक जीतकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।